
MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 335 | ग्वालियर , 29 सितम्बर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए





# शाह-नड्डा ने वसुंधरा राजे के साथ की बैठक



**नई दिल्ली।** देश में इस साल पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस समेत सभी दलों ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरु कर दी है. इस बीच केंद्र में सत्ता रूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस राजस्थान पर है. बीजेपी राज्य से इस बार कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहती है. यही वजह है कि वहां पर पार्टी के बड़े नेताओं ने कमान संभाल ली है. इस बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की राज्य इकाई के साथ अपनी ताबड़तोड़ बैठकों के बाद आज यानी गुरुवार सुबह अपना दौरा समाप्त कर दिया.

आपको बता दें कि चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए अमित शाह और जेपी नड्डा बुधवार शाम विशेष विमान से जयपुर पहुंचे थे. यहां उन्होंने एयरपोर्ट के पास ही एक होटल में कोर कमेटी की बैठक ली. यहां खास बात यह रही कि देनों नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री वशुंधरा राजे सिंधिया के साथ अलग-अलग बैठकें की. दोनों नेताओं ने वशुंधरा के साथ करीब 15 मिनट तक बातचीत की. शाह और नड्डा ने इसके बाद अन्य सीनियर लीडर्स के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की. माना जा रहा है कि बीजेपी राजस्थान विधानसभा चुनाव में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ कुछ अन्य सांसदों को चुनावी मैदान में उतार सकती है. पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान मारवाड़, मेवाड़, वागड, हाड़ौती और शेखावाटी जैसे क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सीटें के फार्मुले पर मंथन किया गया. इस बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, नितिन पटेल, अरुण सिंह, सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, अर्जुन मेघवाल, कैलाश चौधरी, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया और अन्य नेता मौजूद थे.

## न्यूज ट्रैक

### माफिया अतीक के भाई का साला सद्दाम गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** उमेश पाल मर्डर मामले में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है. एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के भाई अशरफ अहमद के साले सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया है. वह हाल ही में दुबई से वापस लौटा था दिल्ली में छिपकर रह रहा था. गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए निकला ही था कि उसे यूपी एसटीएफ ने दबोच लिया. उमेश पाल मर्डर केस में अशरफ अहमद के साले सद्दाम को दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्त में लिया गया है. सद्दाम पर एक लाख रुपये का इनाम था. वह अपनी गर्लफ्रेंड अनम से मिलने के निकला था. उमेश पाल की हत्या के बाद से वह फरार चल रहा था. वह कुछ माह के लिए दुबई निकल गया था. बाद में वह भारत वापस लौटा था. सद्दाम दिल्ली में छिपा था. वह अतीक अहमद गैंग से जुड़ा हुआ था. सद्दाम अपने जीजा के साथ काम करता था. वह अवैध जमीनों पर कब्जे के लिए लोगों को धमकी देने का काम करता था. अशरफ जब बरेली की जेल में था तब सद्दाम ही जेल में अशरफ की लोगों से मुलाकात करवाता था. उमेश पाल हत्याकांड के बाद सद्दाम लगातार छिपकर रह रहा था. पुलिस के अनुसार, सद्दाम पुलिस से बचने के लिए कर्नाटक, मुंबई, दिल्ली में नाम बदलकर रह रहा था. पूछताछ के समय आरोपी ने बताया कि वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली, कर्नाटक, मुंबई में जगह बदल-बदलकर रह रहा था. पुलिस के अनुसार, वह आज अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए निकला था. उसका नाम अनम है. इससे पहले वह बरेली में खुशबू इन्क्लेव में रह रहा था. अशरफ अहमद जेल में रहने दौरान सद्दाम उसे रसद मुहैया कराया करता था. इसके लिए उसने जेल के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर रखी थी. अशरफ के जेल में रहने के दौरान बाहर का पूरा काम सद्दाम को देखना पड़ता था. जमीन के धंधे से पैसे के ट्रांसपोर्टेशन तक का काम सद्दाम के जिम्मे में था. सद्दाम ने पुलिस की पूछताछ में कुछ अन्य नामों का खुलासा किया. उसके साथ विवादित जमीनों के धंधे भी शामिल थे.

### इंस्टाग्राम पर शुरू लड़ाई हत्या पर जाकर हुई खत्म, तीन नाबालिग हिरासत में



**लगावी (कर्नाटक)।** एक दुखद घटना में इंस्टाग्राम पर शुरू हुई लड़ाई के कारण कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक नाबालिग लड़के की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। वहीं, इस मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। यह घटना 26 सितंबर की शाम को कित्तूर पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई थी। पुलिस ने बताया कि मल्लपुरा गांव निवासी मृतक सनकड़ा इंस्टाग्राम पर सक्रिय था। आरोपियों ने एक लड़की के नाम से फर्जी अकाउंट बनाया था, जिससे वह सनकड़ा को मैसेज भेजते थे। इस बात का पता चलने पर पीड़ित ने उन्हें खरी-खोटी सुनाई और उनके खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल किया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने एकजुट होकर सनकड़ा से झगड़ा किया, बाद में उन्होंने सनकड़ा पर छुरी से हमला कर दिया। हालांकि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

### पत्नी की आय को अन्य कमाने वाले सदस्यों की आय के बराबर नहीं माना जा सकता : कलकत्ता हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एक कमाने वाली पत्नी की आय को अन्य कमाने वाले सदस्यों की आय के बराबर नहीं माना जा सकता है क्योंकि वह कमाई के अलावा विभिन्न जिम्मेदारियां निभाती है। न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के पहले के आदेश को चुनौती देने वाली प्रतिमा साहू की याचिका पर सुनवाई की। जिसमें सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटों के मुआवजे के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। एमएसीटी का तर्क यह था कि चूंकि मुआवजा तभी दिया जा सकता है जब पीड़िता की मासिक आय 3,000 रुपये के भीतर हो, लेकिन साहू को यह मुआवजा इसलिए नहीं दिया जा सकता क्योंकि वह 4,000 रुपये कमाती हैं। बाद में उन्होंने एमएसीटी के फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस गुप्ता ने कहा कि कमाऊ पत्नी की आय को परिवार के अन्य कमाऊ सदस्यों की आय के साथ जोड़ना अनुचित है। न्यायमूर्ति ने कहा कि यहां तक कि ऐसे मामलों में उनका आय प्रमाण पत्र मांगना भी अप्रत्याशित है। हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि एक कमाऊ पत्नी की जिम्मेदारी सिर्फ पैसा कमाने तक ही सीमित नहीं है।

# चंद्रमा और सूरज के बाद अब शुक्र पर मिशन भेजेगा इसरो

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो एक के बाद एक मिशन भेजने पर काम कर रहा है. चंद्रमा और



सूरज के बाद अब इसरो दूसरे ग्रहों पर भी अपने मिशन भेजने वाला है. इस बार भारती अंतरिक्ष एजेंसी इसरो सौरमंडल के बाहर के ग्रहों के रहस्यों का पता लगाने के लिए अपने मिशन को भेजेगा. इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इसरो अब बाहरी ग्रहों के रहस्यों को उजागर करने पर ध्यान दे रहा है. इन ग्रहों में वे ग्रह शामिल हैं जिनमें वायुमंडल स्थित है और उन्हें रहने योग्य माना जाता है. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के एक कार्यक्रम के दौरान इसरो प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए मिशन भेजने की तैयारी कर रही है. उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की जलवायु तथा पृथ्वी पर उसके प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एजेंसी दो उपग्रह भेजने की योजना भी बना रही है. एस सोमनाथ ने कहा कि एक्सपोसेट या एक्स-रे पोलरीमीटर सेटेलाइट को इस साल दिसंबर में लांच करने की तैयारी है. इन उपग्रहों को उन तारों के अध्ययन के लिए भेजा जाएगा, जो समाप्त होने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि एजेंसी एक्सोवर्ल्ड्स नामक सेटेलाइट के बारे में भी विचार कर रही है. ये सेटेलाइट सौरमंडल से बाहर के ग्रहों और अन्य तारों का चक्कर लगा रहे ग्रहों के बारे में जानकारी इकट्ठी करेगा. एस. सोमनाथ ने कहा कि सौरमंडल के बाहर 5,000 से ज्यादा ज्ञात ग्रह हैं जिनमें से कम से कम 100 पर पर्यावरण होने की बात मानी जाती है. उन्होंने बताया कि एक्सोव?र्ल्ड्स मिशन के तहत बाहरी ग्रहों के वातावरण का अध्ययन किया जाएगा. इसके साथ ही मंगल पर एक अंतरिक्षयान उतारने की भी योजना है. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के 82वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि भारत में राकेट के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले लगभग 95 प्रतिशत कलपुर्जे घरेलू स्त्रोत से प्राप्त किए जाते हैं.

### पिंडदानियों के स्वागत के लिए मोक्षस्थली गया जी तैयार

**गया।** हिंदू धर्म में पितरों (पूर्वजों) की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए गया में पिंडदान को एक अहम कर्मकांड माना जाता है। बिहार का गया इसके लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है। भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष के 15 दिन को पितृपक्ष कहा जाता है। इस पखवारे में लोग अपने पूर्वजों की मृतात्माओं की मुक्ति के लिए यहां आकर पिंडदान करते हैं, यही कारण है कि गया को मोक्ष की भूमि भी कहा जाता है। जिला प्रशासन ने इस साल पितृपक्ष के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था का दावा किया है। स्वयं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम पूरी व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों के संबंध में डॉ. त्यागराजन ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला में 12 से 14 लाख तीर्थयात्रियों के आने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री पितृपक्ष में पूर्वजों का पिंडदान-तर्पण करने मोक्ष भूमि आते हैं।

### पन्नीरसेल्वम भाजपा के साथ गठबंधन पर फिलहाल फैसला नहीं ले पाए



**चेन्नई।** तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की और कहा कि उसका भाजपा के साथ अब कोई रिश्ता नहीं है, मगर अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने इस बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। अन्नाद्रमुक के मुख्य समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओपीएस को सितंबर 2022 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस जहां अन्नाद्रमुक में दोबारा प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ नेता के. पलानीस्वामी और उनके करीबी इसके खिलाफ हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी अन्नाद्रमुक के साथ समझौते की कोशिश कर रहा है और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पहल कर रहे हैं। हालांकि अन्नाद्रमुक के उप महासचिव के.पी. मुनुस्वामी ने कहा कि पार्टी के भाजपा के साथ गठबंधन में वापस जाने का कोई सवाल ही नहीं है। ओपीएस दक्षिण तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत हैं और उनके समुदाय थेवर का वहां बहुत प्रभाव है, इसलिए यह केंद्र की भाजपा सरकार के साथ ओपीएस के लिए सौदेबाजी का बिंदु होगा। हालांकि उन्हें अभी इस बारे में फैसला लेना है।

# आपराधिक सिंडिकेट बनाते हैं गहरे गठजोड़

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अपनी जांच के दौरान खुलासा किया है कि आपराधिक सिंडिकेट उन्नत हथियारों की तलाश में अपने जबरन वसूली अभियानों से प्राप्त आय का उपयोग अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के लिए करने लगे हैं। आपराधिक सिंडिकेट खालिस्तानी तत्वों की मदद से न केवल देश की सीमाओं के भीतर, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार भी फैला हुआ है। एनआईए के आरोप में बताया गया है, इस समर्थन के बदले में इन आपराधिक गिरोहों ने अपने खालिस्तानी समकक्षों की ओर से लक्षित हत्याएं और जबरन वसूली गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इस अस्थिर सहयोग ने प्रभावी रूप से अंडरवर्ल्ड और खालिस्तानी तत्वों के बीच एक पारस्परिक रूप से लाभप्रद नेटवर्क बनाया है। एनआईए के सूत्रों के



अनुसार, यह देखते हुए कि कई खालिस्तानी सहयोगी या तो विदेश में स्थित हैं या जेल में हैं, वे लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए सिंडिकेट के गुर्गों पर भरोसा करते हैं। एक सूत्र ने कहा, बदले में इन गुर्गों को अपने खालिस्तानी कनेक्शन की सहायता से विदेशों से प्राप्त उन्नत हथियारों तक पहुंच प्राप्त होती है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की आईएसआई के साथ खालिस्तान समर्थक गैंगस्टरों की मांग पर हथियारों की तस्करी के लिए नेपाल और पाकिस्तान मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। एनआईए सूत्रों के अनुसार, अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श दल्ला, जो कनाडाई गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और मारे गए गैंगस्टर सुखदूल सिंह के साथ संबंध रखने के लिए जाना जाता है, आपराधिक गतिविधियों में गहराई से शामिल रहा है।

### राहुल गांधी ने अब दिल्ली के कीर्ति नगर में फर्नीचर मार्केट का किया दौरा, कारीगरों से की बात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जिन्होंने हाल ही में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल स्टेशन पर कुलियों से मिल कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था, गुरुवार को दिल्ली के एक फर्नीचर बाजार पहुंचे और बढ़ई से बातचीत की। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, आज मैं दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर बाजार में गया और बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। कड़ी मेहनत करने के अलावा, वे अद्भुत कलाकार भी हैं। ताकत और सुंदरता को तराशने में विशेषज्ञ ! हमने बहुत सारी बातें कीं, उनके कौशल के बारे में थोड़ा जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। पार्टी नेताओं के अनुसार, कीर्ति नगर फर्नीचर बाजार की अपनी यात्रा के दौरान, गांधी ने श्रमिकों और बढ़ई से बातचीत की। कांग्रेस नेता के बाजार दौरे की तस्वीरें भारतीय युवा कांग्रेस प्रमुख बी.वी. श्रीनिवास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा कीं। श्रीनिवास ने अपने पोस्ट में कहा, जब जन नेता राहुल गांधी दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट पहुंचे.. इस दौरान उनकी मुलाकात मेहनती बढ़ई भाइयों से हुई। भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को, राहुल गांधी ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी और उनके मुद्दों को समझने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने उनसे बातचीत की, लाल शर्ट पहनी और सिर पर सामान भी रखा।

# यूपी के सितारों के सहारे बीजेपी एमपी और राजस्थान करेगी फतह

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है. लिहाजा सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही जोर शोर से चुनावी तैयारियों में जुटे हैं. भारतीय जनता पार्टी के लिए ये चुनाव काफी अहम हैं क्योंकि यहीं से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लोगों के बीच माहौल तैयार होना है. वैसे तो बीजेपी के लिए ब्रांड फेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं. जिनके चुनावी मैदान में उतरते ही विरोधियों के रथों के पहिए पंक्चर हो जाते हैं. लेकिन इसके अलावा पार्टी चुनाव से पहले स्टार प्रचारकों को अहम जिम्मेदारी सौंपती है ताकि वे प्रत्याशियों के पक्ष में वोट बंटरोने में मदद कर सकें. मध्य प्रदेश और राजस्थान ये दोनों ही राज्य बीजेपी के लिए काफी अहम हैं. यहां से लोकसभा का रास्ता भी काफी हद तक आसान हो जाता है. दोनों राज्यों में कुल 54 लोकसभा सीटें हैं, जो बीजेपी के लिए किसी बड़े टॉनिक का काम कर सकती हैं. यही वजह है कि बीजेपी इसके लिए अपने उत्तर प्रदेश के सितारों पर भरोसा जताया है. यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर डिप्टी सीएम और अन्य दिग्गज नेताओं को इन दोनों ही राज्यों में पार्टी की जमीन मजबूत करने के लिए उतारा जा रहा है.

मध्य प्रदेश में यूपी के जिन बड़े सितारों पर बीजेपी ने भरोसा जताया है, उनमें खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हैं. योगी की जनसभा और रैलियों को लेकर कहा जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद जनता को बांधने में इनका स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है. यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा का हिस्सा बनेंगे. उनके




अलावा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य, ब्रजेश पाठक और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य भी इस दौरान मध्य प्रदेश के बीजेपी प्रत्याशियों के लिए जमीन मजबूत करने का काम करेंगे. बता दें कि मध्य प्रदेश में चुनान प्रबंधन का जिम्मा भी सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर को सौंपा गया है. राठौर प्रदेश की राजधानी भोपाल संभाग के 25 विधानसभा क्षेत्रों को संभालेंगे. यहां पर उम्मीदवारों के लिए कौन कब रैली करेगा, किन बातों का ध्यान रखना है ये सब काम राठौर की निगरानी में होगा. इसके अलावा बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी भी मध्य प्रदेश में 10 एसेंबली और 3 लोकसभा सीटों के प्रभारी बनाए गए हैं.

मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान भी बीजेपी के लिए जीतना बहुत जरूरी है. ऐसे में पार्टी ने यहां पर भी उत्तर प्रदेश के सितारों को अहम जिम्मेदारी सौंपी है. इनमें बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को राजस्थान के प्रभारी के तौर पर उतारा गया है. इसके अलावा यूपी के महामंत्री गोविंद शुक्ला को राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित पार्टी हेड ऑफिस पर चुनावी व्यवस्थाओं को संभालने का निर्देश दिया गया है. यही नहीं यूपी के महेंद्र सिंह अजमेर संभाग के अलावा भीलवाड़ा, टोंक और नागौर के 29 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार देख रहे हैं. राजस्थान के चुनाव के दौरान यूपी के 66 एमएलए भी बीजेपी के प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाएंगे. ये अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर प्रत्याशियों के लिए वोट बंटोरेंगे. मध्य प्रदेश और राजस्थान को साधना बीजेपी के लिए इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यहां से आगामी लोकसभा चुनाव की 54 सीटों पर पकड़ मजबूत हो जाती है. इन दोनों राज्यों की कुल 430 विधानसभा सीटे हैं. कुल लोकसभा की 54 में से 52 सीटों पर फिलहाल बीजेपी का कब्जा है. ऐसे में बीजेपी नहीं चाहेगी कि उसे किसी भी तरह का कोई नुकसान बल्कि इस बार पूरी सीटों को हासिल करने की कोशिश रहेगी. राजस्थान में विधानसभा की कुल 200 सीटों में से लोकसभा की 25 सीट हैं, जबकि मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 29 लोकसभा सीट पर बीजेपी नजर बनाए हुए हैं.

# पन्ना के लव कुश वाटिका में कुशवाहा समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में लव कुश जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम हुआ संपन्न

## कैबिनेट एवं खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

सामाजिक समरसता और समाज के बीच से निकलकर देश-विदेश में अपना नाम कमाने वाली प्रतिभाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से कुशवाहा समाज द्वारा पन्ना नगर स्थित लवकुश वाटिका में बृहद कुशवाहा समाज प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले से खनिज एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान लव कुश के छायाचित्र पर दीप प्रज्वल एवं पुष्पांजली समर्पित कर किया गया कार्यक्रम के दौरान कुशवाहा समाज की प्रतिभाएं जिन्होंने जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक विभिन्न विधाओं में अपना नाम और जिले का नाम रोशन किया साथ ही श्री लवकुश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रतिभागियों,एवं हाई स्कूल एवम हायर सेकंडरी 2023 में कुशवाहा समाज के 75प्रतिशत से लेकर सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।साथ ही उन्हें मंच के माध्यम से स्मृति चिन्ह श्रीफल देकर सम्मानित किया गया वहीं श्री राम के वंशज लवकुश के जीवनचर्या पर मंचासीन अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम के दौरान जिले से विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री मती मीना विष्णु पाण्डेय,नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा,कुशवाहा समाज के अग्रणी एवं कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष किशोर कुमार कुशवाहा एवं संरक्षक अनारी लाल कुशवाहा, अशोक कुशवाहा,कुशवाहा समाज



के जनप्रतिनिधियों में पन्ना की पार्षद श्री मती माधवी कुशवाहा,पार्षद अर्जुन कुशवाहा,पार्षद गोविंद कुशवाहा, देवेंद्रनगर से श्री मती संपत बाई अशोक कुशवाहा,पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा, सहित समाज के हजारों आम नागरिको ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल और आकर्षक संचालन कुशवाहा समाज के जिला संगठन मंत्री गौरीशंकर कुशवाहा ने किया।

कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैतिक कुशवाहा,द्वितीय स्थान कृष्णा कुशवाहा,तृतीय स्थान मनोज कुशवाहा, साथ ही हाई स्कूल में जिले के कुशवाहा समाज में प्रथम स्थान पूजा कुशवाहा,द्वितीय स्थान प्रांजली कुशवाहा ,तृतीय स्थान अजय कुशवाहा, इसी प्रकार हायर सेकंडरी के बच्चो ने स्थान प्राप्त किया।समाज के लोगो द्वारा श्री लवकुश उपहार योजना का भी सफल क्रियान्वन किया गया जिसमे क्रमबद्ध दस उपहार प्रदान किए गए।



## प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मनु मिश्रा पहुंचे नगर पालिका कर्मचारियों के बीच

पुष्पांजली टुडे



दमोह। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के आह्वान पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रदेश व्यापी सफाई कामगारों की 18 सूत्री मांगों के निराकरण की मांग को लेकर नगर पालिका दमोह के सामने धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित मनु मिश्रा ने पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनकी मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मांग की सफाई कर्मचारियों की मांगों पर अति शीघ्र विचार कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए उन्होंने कर्मचारियों की 18 सूत्री मांगों जिनमें विशेष रूप से सफाई कामगारों को 2005 से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, मध्य प्रदेश के समस्त नगर निगम और नगर पालिका में सफाई ठेका प्रथा समाप्त कर स्थाई भर्ती करने, सफाई कर्मचारियों द्वारा सेवा काल में कार्य करते हुए स्वयं से निवृत्ति देकर अपने परिवार के किसी सदस्य को सफाई कर्मचारी पर योग्यता अनुसार उसकी नियुक्ति की जावे। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रोफेशनल बोर्ड द्वारा भर्ती की जा रही है उसे समाप्त कर सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती की जाए, सेवानिवृत होने पर परिवार के आश्रित एक सदस्य को योग्यता अनुसार नियुक्ति प्रदान की जाए, जैसी मांगों का समर्थन किया और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तक भी सफाई कर्मचारियों की मांगों को पहुंचाने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार हर वर्ग के लिए घोषणा कर रही है उसी तरह समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शहर को साफ स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मचारी की मांगों पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए और निराकरण करना चाहिए। इस दौरान धरने पर कांग्रेस महामंत्री मनु मिश्रा के साथ किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, सिकंदर खरारे, जिला अध्यक्ष, राकेश धेचरे, रेखा करोसिया, सविता पारोचे, मनीष करोसिया, सुनील करोसिया, विनय करोसिया, जितेंद्र चौहान, लखन परोचे, प्रेम परोचें एवं समस्त सफाई मजदूर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गोविन्दगढ़ पुलिस की बड़ी ताबड़तोड़ कार्यवाही कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश तीन अलग-अलग मामलों में लगभग 2 क्विंटल लहान नष्ट कई लीटर कच्ची शराब जप्त

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)



रीवा। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुखबिर की सूचना पर बाँसा देबीन टोला में अवैध कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दिया आरोपी 1. सुदामा कोल उर्फ बंदर पिता मथुरा कोल उम्र 40 वर्ष 2. आशीष कोल उर्फ बोग्गा पिता राजेश कोल उम्र 30 .3. पंकज कोल उर्फ मधु पिता राम सिया कोल उम्र 30 वर्ष तीनों निवासी बासा देबीन टोला गोविन्दगढ थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास से अवैध कच्ची शराब तीन अलग-अलग मामलों में जप्त की गई जिसमें अपराध क्रमांक 327/23,328/23,329/23 धारा 34 ए थाना गोविन्दगढ़ रीवा मे कायम किया गया है आरोपियों से कुल 30 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई एवं लगभग 2 क्विंटल लहान नष्ट किया गया। सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, उप निरी. डी जे सिंह सऊनि.संतोषी सिंह प्रधान आरक्षक महेंद्र द्विवेदी आरक्षक राहुल पाण्डेय, सैनिक सुधाकर मिश्रा।

## गणेश विशर्जन को लेकर गुढ़ पुलिस किया पैदल मार्च नगर में बनी रही शांति व्यवस्था

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा



**रीवा, गुढ़।** गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपीश कल शाम को थाने से पैदल मार्च करते हुए बाजार होते हुए, सब्जी मंडी से होते हुए भैरव बाबा मोड, बस स्टैंड होते हुए अपने सभी थाना के स्टाप के साथ पैदल मार्च किया। एवं नगर में स्थापित गणेश मूर्ति के लोगों से गणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं साथ ही गणेश विसर्जन के दौरान रैली निकालना या नदी में गणेश विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों और कम लोगों को विसर्जन के दौरान विसर्जन स्थल तक ले जाने की हिदायत दिया। जिससे की कोई घटना ना घटे। पैदल मार्च पर निकले जिस पर गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपीस, प्रधान आरक्षक अयोध्या प्रसाद प्रजापति, सत्यदेव पांडेय, राकेश वर्मा, आरक्षक अतुल पांडेय, मांधाता तिवारी, मनोज निनामा, सरोवर होल्डर, नगर सैनिक संतोष मिश्रा, रामरतन पांडेय, के साथ ही डायल 100 के ड्राइवर राजेश चौबे, सुरेश, अंजान के साथ-साथ थाने के समस्त स्टाफ पैदल मार्च में शामिल रहे और पूरे नगर में लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# थाना हनुमान पुलिस ने लूट एवं चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो मऊगंज)**

मऊगंज। पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र कुमार जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल अनुविभागी अधिकारी पुलिस इंद्राज सिंह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हनुमान राम सिंह के नेतृत्व में थाना हनुमान पुलिस टीम ने दिनांक 22.9.2023 को थाना हनुमान क्षेत्र से महिला के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को दस्तयाब कर लूट का मसरूका बरामद कर आरोपी से जिला रीवा एवं मऊगंज से चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में बारीकी से पूछता कर आरोपी के कब्जे से रीवा शहर से चोरी की एक मोटरसाइकिल एवं नई गाड़ी थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक मोबाइल भी बरामद किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 22.9.2023 को फरिया दिया मुन्नी कोल पति रामपति कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना हनुमान जिला मऊगंज ने रिपोर्ट किया था कि दिनांक 22.9.2023 को समय करीब 12=30 बजे दिन भमरहा प्लांट से प्रतापगढ़ आते समय




मोटरसाइकिल सवार सोनू मिश्रा पिता स्वर्गीय रामलाल मिश्रा निवासी पहाड़ी थाना शाहपुर जिला मऊगंज का इसका सोने का लॉकेट लूट कर इस नाले में धक्का देकर पिपराही तरफ मोटरसाइकिल से भाग गया जिसके मजमून से अपराध धारा 392 पाए जाने से कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। थाना हनुमान पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए लग्न एवं मेहनत से कार्य कर आरोपी को दिनांक 28.9.2023 को दस्तयाब कर आरोपी से पूछताछ किया जो अपने कथन में लूट की घटना को कार्य करना स्वीकार करते हुए पूछताछ पर रीवा शहर के एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी करना तथा थाना नई गाड़ी क्षेत्र से एक स्क्रीन टच मोबाइल भी चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपी के बरामद करने पर लूट का मसरूका सोने का लॉकेट, मोटरसाइकिल एवं स्क्रीन टच मोबाइल को बरामद कर टच स्क्रीन मोबाइल को उसके स्वामी रामबहोर कोल पिता राम सुंदर कोल निवासी रामपुर कटरा को सुपुर्द कर दिया तथा आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

**जप्त संपत्ति**- सोने का लॉकेट, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार आरोपी**-योगेंद्र मिश्रा उर्फ सोनू पिता स्वर्गीय रामलाल मिश्रा उम्र 31 साल निवासी ग्राम पहड़ी थाना शाहपुर जिला मऊगंज मध्य प्रदेश

**महत्वपूर्ण भूमिका**-निरीक्षक राम सिंह, संतोष सिंह, देव प्रताप सिंह ,सुरेंद्र यादव ऋतुराज सिंह, शिव दुबे, दिवाकर सिंह, रत्नाकर सिंह, नितिन शुक्ला, विकास सिंह कन्हैया सिंह, संजीव यादव, पवन साहनी, शुभम दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में रक्तदान शिविर आज

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है। तुरंत




रक्त मिलने पर व्यक्ति की जान बच सकती है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इसी क्रम में कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में 29 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग अपना रक्तदान करें। शिविर में टीआरएस कालेज के छात्र एवं प्रोफेसर, पेन्टियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज, जेएन सीटी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, एचडीएफसी बैंक, एमएलसीटी, सिंधु समाज, जैन समाज, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद, बिटनरी कालेज, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, सौदामनी नर्सिंग कालेज, चौरसिया नर्सिंग कालेज, जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, महिला बाल विकास, एसडीएम हुजूर, खाद्य विभाग, एलडीएम एवं बैंकर्स, कलेक्ट्रेट आदिम जाति कल्याण विभाग, नगर पंचायत, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, के कर्मचारी रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान करेंगे।

## अल्ट्रा टेक सीमेंट फैक्ट्री बेला में एक कर्मचारी की मौत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। अल्ट्रा टेक सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन की लगातार लापरवाही एवं तानाशाही का दुष्चक्र शिकार कर्मचारी हो रहे हैं, एक कर्मचारी की पट्टे में फसने से मौत हो गई सुरक्षा में भरपूर लापरवाही का मामला सामने आया है, जेपी सीमेंट फैक्ट्री को जबसे अल्ट्रा टेक सीमेंट फैक्ट्री बेला को खरीदा गया है तब से विभिन्न तरीके की तानाशाही पूरी तरह से स्थानीय निवासियों, वर्करों तथा आम जनता से की जाती है, चूंकि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन रीवा/सतना सहित कुछ मीडिया हाउस विज्ञापन या उपहार राशि भरपूर सुविधाएं देकर मामले को दबाने का खेल चल रहा है, हर व्यक्ति को कीड़ा, मकोड़ा अल्ट्रा टेक सीमेंट प्रबंधन द्वारा समझा जाता है, कुछ स्थानीय दलालों को भी अपने काम में शामिल कर मुनाफा हासिल करने के साथ हठधर्मिता परोसीं जाती है, किसी श्रमिक की मौत को कीड़ा मकोड़ा समझा जाता था।

## गौ सेवा यात्रा के दौरान गुढ़ में कंम्प्यूटर बाबा का किया गया भाव्य स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा



**रीवा, गुढ़।** गौ सेवा यात्रा के दौरान आज रीवा से सीधी जाते समय कंम्प्यूटर बाबा का नेशनल हा0 न0 39 भैरव बाबा चोराहा हर्दी मोड गुढ़ मे कांग्रेस कमेटी गुढ़ के ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय, कांग्रेस कमेटी जिला सचिव बृजेश कुमार त्रिपाठी (मुझ्या भैया) नरेन्द्र सिंह भदौरिया (राजू) राजीव उपाध्याय, गोविंन्द्रनारायण सिंह (टंन्टू) सज्जन सोनी, नारायण पटेल, प्रदीप त्रिपाठी, बीरेन्द यादव, लवी सिंह, प्रयाग कोरी, मोहित पाण्डेय सहित अन्य नेताओ द्वारा माला फूल पहना कर भाव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात कम्प्यूटर बाबा की यात्रा सीधी के लिए रवाना हुए।

## लोकायुक्त रीवा की बड़ी ट्रैप कार्यवाही



दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

नाम आवेदक- श्री अहमद शाह पिता मो. गौस निवासी वार्ड क्रमांक 27 ईदगाह के सामने बुढार रोड शहडोल(म0प्र0)

आरोपी - 1- श्री मग्घू बैगा, सरपंच ग्राम पंचायत मैकी जनपद पंचायत सोहागपुर जिला शहडोल
2- मो0 सलीम पत्नी राबिया पंच ग्राम पंचायत मैकी जनपद पंचायत सोहागपुर जिला शहडोल

ट्रेप रिश्वत राशि -50,000 रुपए

घटना स्थल - पांडव नगर तिराहा स्थित चाय की दुकान शहडोल

कार्य का विवरण -ग्राम पंचायत मैकी में आवेदक द्वारा स्टाफ डैम का निर्माण कराया जाने हेतु मैटेरियल सप्लाई किया गया था स्टाफ डैम का निर्माण करने की अनुमति देने के एवज में 1,00,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई थी आवेदक द्वारा कम करने के निवेदन पर 80,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई, जिसमें से 50,000 रुपए रिश्वत लेते आज आरोपी सरपंच मग्घू बैगा एवं पंच राबिया के पति सलीम को रंगे हाथ ट्रेप किया गया है।

ट्रेपकर्ता अधिकारी श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय रीवा

ट्रेप दल के सदस्य- श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक, सहित 12 सदस्यीय टीम

# मऊगंज सीट पर 33 साल बाद खुला भाजपा का खाता, नया जिला बनाने का फार्मूला आएगा काम, या जानता करेगी बदलाव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (मऊगंज ब्यूरो)**

मऊगंज। 2023 चुनावी साल है जल्द ही मध्यप्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने वाले है. प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें है. आज हम आपको बताने जा रहे हैं. विंध्य की मऊगंज विधानसभा सीट के बारे में जिसकी एक अलग ही खासियत है. मऊगंज में बीजेपी के प्रदीप पटेल वर्तमान में भाजपा विधायक है और 1985 के बाद 2018 में भाजपा ने यहां दोबारा अपनी जीत दर्ज कराई थी. लेकिन इस सीट का यहां एक अजब गजब किस्सा भी है. कहा जाता है की इस सीट में जिस दल का भी विधायक चुनाव में जीत हासिल करता है. प्रदेश में उस दल की सराकर नहीं बनती. अब सच है या महज एक इत्तफाक यह तो 2023 विधानसभा चुनाव होने के बाद ही पता चलेगा. जानिए मऊगंज विधानसभा सीट का समीकरण~ आज हम आपको बताने जा रहे हैं रीवा जिले के मऊगंज विधानसभा सीट के बारे में इस सीट की क्या खासियत है. इस क्षेत्र में पिछले कितने सालों से किस पार्टी का कब्जा है. सिरमौर विधानसभा सीट से 2018 के चुनाव में चुने गए वर्तमान विधायक ने क्षेत्र की जनता के हित में क्या-क्या कार्य कराए हैं. इस सीट पर वर्ष 1985 के बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने अपना उम्मीदवार उतारकर दोबारा इस सीट से अपना खाता खोला था. जिसके बाद सरकार ने विधायक प्रदीप पटेल को राज्य मंत्री का दर्जा देकर उन्हें एक नई जिम्मेदारी सौंपी थी. मऊगंज से भाजपा बिधायक है प्रदीप पटेल~ मऊगंज विधानसभा सीट से वर्तमान में प्रदीप पटेल विधायक हैं. जिन पर भरोसा करके मऊगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में इन्हें विधायक बनाया था. विधायक की कुर्सी में बैठने के बाद ही इन्होंने जनता की उम्मीदों में खरे उतरने का काम किया है. मऊगंज को सीएम शिवराज द्वारा जिला घोषित करावा के बरसों से उठ रही जिला बनाने की मांग को पूरा कर दिया है. अब अगामी 2023 के विधानसभा चुनाव में यह देखना होगा की सीएम शिवराज के द्वारा चला गया मऊगंज को जिला बनाए जाने वाला चुनावी पैंतरा एक बार और जीत दिलाएगा या फिर कांग्रेस और क्स्क शिवराज सिंह के चुनावी पैतरे को ही पलट कर न रख देगी. इस सीट की एक अलग ही कहानी इत्तेफाक या फिर सच~ वैसे तो इस सीट में एक अलग ही किस्सा है. जानकारों की माने तो मऊगंज सीट से जिस भी दल का नेता चुनकर यहां पर विधायक की कुर्सी पर काबिज होता है. अगली बार प्रदेश में उस दल की सरकार ही नहीं बनती.




अगर बात की जाए 2013 के विधानसभा चुनाव की तो मऊगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार और दिग्गज नेता सुखेंद्र सिंह बन्ना ने बाजी मारते हुए इस सीट को अपने कब्जे में ले लिया और विधायक की कुर्सी पर विराजमान हो गए. प्रदेश में कांग्रेस की सरकार भी बन गई. इसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव हुए और बाजी पलट गई. 33 साल के बाद दूसरी बार मऊगंज विधनसभा सीट से बीजेपी ने अपना खाता खोला और बीजेपी उम्मीदवार प्रदीप पटेल विधायक चुने गए. प्रदेश में दोबारा भाजपा की सरकार बनी. जिस पार्टी का जीतेगा उम्मीदवार अगली बार प्रदेश में नहीं होगी उसकी सरकार~ अब इसे मात्र एक इत्तेफाक कहें या फिर मऊगंज सीट में होने वाली अजीबोगरीब या फिर कोई अशुभ घटना कहे. अगर यह बात सत्य है और अगर इस बार के चुनाव में मऊगंज सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने बाजी मारी और वह विधायक बने तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है. अगर भाजपा के उम्मीदवार ने जीत हासिल की तो प्रदेश में चुनाव के बाद बीजेपी नहीं कांग्रेस की सरकार बनेगी. 2018 में बीजेपी के प्रदीप पटेल यहां से विधायक चुने गए थे. उनके कार्यकाल को पूरे 5 वर्ष बीतने वाले है और अब 2023 के अंत में एक बार फिर विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं. इस बार देखना होगा की इस सीट से जीत का ताज किसके सिर पर होगा और जीत हार के बाद ही पता लागेगा की यहां घटने वाली घटना सत्य है या फिर यह इत्तेफाक महज एक झूठी कहानी है. अब बात मऊगंज क्षेत्र में हुए पीछले 5 सालो के विकास कार्यों की~ अगर बात की जाए मऊगंज के विकास कार्यों की तो यहां पर पिछले 5 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में ज्यादा कुछ भी विकास कार्य नहीं हो पाए हैं. विकास के नाम पर ज्यादातर यहां पर यात्री प्रतीक्षालयों की भरमार है. इसके आलावा क्षेत्र में 20 से ज्यादा क्रेशर भी संचालित है.

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, मध्यभारत प्रांत स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन एवं





## प्रांतीय समारोह समिति की घोषणा हुई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मध्यभारत प्रांत स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम भोपाल में दो सत्रों में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला इकाईयों से दायित्वान कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुए। प्रथम सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में,राष्ट्रीय संगठन मंत्री माननीय दिनकर सबनीस, केन्द्रीय स्वर्ण जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष माननीय अषोक पाण्डेय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय मेहताव सिंह कौरव व प्रांतीय स्वर्णजयंती समारोह समिति के अध्यक्ष स्वामी श्री रमनगिरि जी महाराज के आशीर्वचनों से लाभन्वित हुए। अतिथि परिचय प्रांत सहसचिव श्री राजेश दांगी जी द्वारा कराया गया, सत्र के प्रारंभ में प्रांत सचिव श्री लोकेंद्र मिश्रा जी द्वारा मध्य भारत प्रांत का व्रत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेहताव सिंह कौरव ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन के गठन से लेकर विगत वर्षों की लम्बी यात्रा पर संक्षेप में प्रकाश डाला और नागपुर से प्रारंभ हुए इस संगठन के सम्पूर्ण भारत में प्रसार के दौरान घटित महत्वपूर्ण प्रसंगों पर भी चर्चा की और संगठन के वर्तमान वृहत स्वरूप प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने ग्राहक पंचायत की आवष्यकता, उसका लक्ष्य, रीति और नीति पर प्रबोधन किया। वर्तमान में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि जागरूकता व सतर्कता के अभाव में ग्राहक उपभोक्तावाद का शिकार हुआ और शोषित-पीड़ित ग्राहक को मार्गदर्शन तथा ईमानदार को संरक्षण न मिलने के कारण शोषणकारियों के मायाजाल में फंसता जा रहा है। उपभोक्तावाद के दुष्प्रचार ने समाज में ऐसी

धारणा बना दी है कि सस्ता खराब है और महंगा अच्छा है, स्थानीय खराब है और ब्राण्डे अच्छा है, स्वदेशी घटिया है और विदेशी बढ़िया है। उपभोक्तावाद के इस मायावी मकड़जाल से मुक्ति का मार्ग ग्राहक संगठन के माध्यम से ही सम्भव है। उहोंने ग्राहक पंचायत के लक्ष्य को स्पष्ट किया कि ग्राहक जागरण, प्रवोधन, मार्गदर्शन कर, ग्राहक-शक्ति को जागृत व सशक्त करने के माध्यम से पर्यावरण के सुसंगत भारतीय संस्कृति और चिति के आधार पर ग्राहक के अनुकूल अर्थनीति बनाए जाने का मार्ग प्रसस्त करना है। और न केबल भारत वल्कि समूचे विष्व में ग्राहक को उपभोक्तावाद से मुक्ति दिला कर उसके हितों के अनुकूल अर्थतन्त्र का निर्माण करना है। केबल इसी में सब का हित है। उहोंने उक्त प्रयोजन को फलित करने के लिए महिला आयाम के माध्यम से महिलाओं को जागृत और संगठित करने, प्रचार आयाम के माध्यम से व्यापक सम्पर्क और प्रबोधन करने, विधि आयाम के माध्यम से शोषण के विरूद्ध प्रतिरक्षण शक्ति खड़ी करने, पर्यावरण आयाम के माध्यम से बढते प्राकृतिक असंतुल की ओर ध्यान दिला कर अस्तित्व पर आसन्न संकट टालने और रोजगार सृजन आयाम के माध्यम से विभिन्न कौषलों को पुनर्जीवित करके समाज की सृजन शक्ति जगाकर स्वाबलम्बी बनाने और अन्य उपायों से बेकारी को निर्मूल करने की और अग्रसर है। उन्होंने बाजारवाद हावी होने के कारण विकृत व दूषित हुई मनोवृत्ति को ठीक करने का कठिन कार्य करने के लिए समाज को प्रेरित करने की संगठन की प्राथमिकता की और भी ध्यान आकर्षित किया। केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय जी ने विधि के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उनके अनुसार समाज व्यवहार करने की आवश्यकता अनुभव कराई और मनुष्यमात्र के कल्याण का मार्ग प्रसस्त करने वाले शास्त्रों के विभिन्न शाश्वत उदाहरणों के माध्यम से नैतिक आचरण और उचित संव्यवहार को स्थापित करने पर बल दिया। प्रांतीय समिति के अध्यक्ष स्वामी श्री रमनगिरि महाराज ने आशी वचन प्रदान किए साथ ही स्वर्णजयंती वर्ष में वर्ष भर व्यापक सम्पर्क और जागरण कर सज्जनषक्ति को संगठित करने के माध्यम से संगठन को विस्तार, विचार के प्रचार के अभियान की सफलता के लिए आशान्वित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनल श्रीवास्तव ने किया। एवं सत्र के समापन में प्रांत के उपाध्यक्ष देवी सिंह राठौर ने उपस्थित अतिथियों, साथी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य जनों से संगठन के कार्यों में यथासम्भव सहायता की अपेक्षा के साथ सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उद्घाटन के द्वितीय सत्र में स्वर्ण जयंती गीत प्रांत सह सचिव श्रीमती वंदना सैनी ने लिया, सत्र संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रदीप जी द्वारा किया गया, राष्ट्रीय पर्यावरण आयाम प्रमुख श्रीमती अनिला जगत दीदी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अलंकार वशिष्ठ जी, प्रान्त सचिव श्री लोकेन्द्र मिश्रा जी, प्रान्त कोषाध्यक्ष श्री दीपक बाबू जी एवं ई-ग्राहक ऐप के विशेषज्ञ श्री जय गणेशा जी का मार्गदर्षन प्राप्त हुआ। प्रांत सचिव श्री लोकेन्द्र मिश्रा ने ''ग्राहक एवं राजा'' तथ ''ग्राहक पंचायत का इतिहास'' पुस्तक प्रांत से प्राप्त करने और संगोंष्ठियों में वितरण करने के विषय में जानकरी दी। तथा संगठन की सुदृढता के लिए प्रांत की प्रवास योजना को प्रस्तुत किया।

# भाजपा मंडल की सवारियां गार्डन में आयोजित बैठक



प्रतीश अग्रवाल रिपोर्टर
दैनिक पुष्पांजली टुडे

मधुसुदनगढ़। भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा विधानसभा से अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पैची भाजपा मंडल मधुसुदनगढ़ मे सवारियां गार्डन में आयोजित बैठक में उपस्थित हुई जिसमे सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष , मोर्चाओ के कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एंव सदस्य उपस्थित रहे जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रियंका पैची ने अपने उद्बोधन में कहा की हम सभी को आगामी चुनावो की प्रचार प्रसार में जोर शोर से लग जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी और विशाल पार्टी बनी है। जिसमे प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग है इसी सहयोग से अब हम सभी प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने वाले हैं पार्टी की निति रीति से प्रभावित होकर हेमराज मेहरा, राकेश नलखेड़ा सहित दर्जनों लोगों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की आज की बैठक में विधानसभा संयोजक प्रदीप नाटाणी, जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष जगमोहन धाकड़ पूर्व महामंत्री पुरुषोत्तम सोनी, जिला परिषद सदस्य वीरेंद्र सिंह नगर अध्यक्ष श्यामलाल अहिरवार, नगर उपाध्यक्ष कोशलेंद्र अग्रवाल, किसान मोर्चा मंडल सत्यपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णामुरारी सोनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रजनारायण चौकसे, पूर्व युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष खुमान सिंह कराडा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि निरंजन प्रजापति, कमल सिंह मीणा, युवराज सिंह मीणा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोनू यादव, नाथू जी सोंधिया, अंत्योदय समिति सदस्य सूर्य प्रकाश व्यास, कमल लाल सोंधियां जनपद सदस्य नगर परिषद निर्माण समिति अध्यक्ष राजपाल सिंह राजा बाबू, दीपक अग्रवाल पार्षद प्रतिनिधि राहुल चौकसे पार्षद महेंद्र सिंह सोंधियां, पार्षद दौलत सिलावट, ब्रजेश साहू, दीपक शर्मा नलखेड़ा, पवन जोशी, नरेंद्र सिंह जादौन, मोहन बाबू साहू , सज्जन सिंह लोधी, मदन सेलर, हर्वेस साहू, रामचरण पप्पू पूर्व जनपद सदस्य, जनपद सदस्य गोपाल सिंह मीणा, मदन लाल केवट, धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. दीवान सिंह प्रजापति, कमर सिंह सिलावट, गोपाल पालीवाल,डॉ.उमाशंकर,अंशु शर्मा सहित वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता एंव सदस्य मौजूद रहे।

# हत्या के प्रकरण में वर्ष 2017 से फरार 15,000 रुपये का इनामी आरोपी तथा 1000 रुपये इनामी एक स्थाई वारंटी ऊमरी पुलिस ने किये गिरफ्तार

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

ऊमरी। डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना के दिशा-निर्देशन पर म.प्र. में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म.प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सैना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु सभी जिलों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री मनीष खत्री, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड पूनम थापा के मार्ग दर्शन में इनामी, फरारी आरोपियों, स्थाई वारंटियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा एक 15000 रुपये के इनामी आरोपी तथा एक 1000 रुपये के स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार।

दिनांक 12/01/2017 को फरियादी पवन कुमार पुत्र विशेश्वर दयाल शर्मा निवासी नेतराम का पुरा थाना ऊमरी ने रिपोर्ट की कि आरोपीगणों ने मवेशी चराने के विवाद पर से मेरे पिता विशेश्वरदयाल की हत्या कर दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 12/2017 धारा 302, 147, 148, 149, 506 भादवि पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में 04 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था शेष एक आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु 15000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दिनांक 27/09/2023 को मुखबिर की सूचना पर फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त की गई कुल्हाडी जप्त की गई। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। इसी क्रम में माननीय न्यायालय भिण्ड के प्र.क्र. 86/2021 धारा 138, 135 विद्युत अधिनियम (बकाया राशि 2,22556 रुपये) में 1000 रुपये इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**जप्त मसरुका- एक कुल्हाडी सराहनीय भूमिका-** उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. सीपीएस चौहान थाना प्रभारी बरासों, उ.नि. नीतेन्द्र मावई, उ.नि. सउनि रघुराज सिंह



तोमर, रामअवतार, प्र. आर. प्रवीण तिवारी, जुगराज चौहान, आशीष तिवारी, विनोद चौहान, मयंक दुबे, आरक्षक कुलदीप सिंह, राहुल तोमर, आलेश यादव, संतोष जाट, धर्मपाल परिहार, विमल भदौरिया, रिन्कू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**15000 रुपये इनामी –** गिरदावल पुत्र रामभरोषे उर्फ गुदरू यादव उम्र 75 साल निवासी नेतराम सिंह का पुरा बाराखुर्द थाना ऊमरी

**1000 का ईनामी–** प्र.क.861/21 धारा 138,135 विद्युत अधि. जयराम सिंह पुत्र चेत सिंह राजावत 68 साल निवासी नारायण सिंह का पुरा नुन्हाटा थाना ऊमरी



## वार्षिक पैदल यात्रा का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** श्री बाबा रामसापीर युवा मंडली कमला नगर ने कमला नगर से बाबा रामदेव धाम देवरचिकनहल्ली तक 12 वीं पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में महादेव मंडली ने बाबा के भजनों द्वारा गुणगान किया। दुसरे दिन सुबह कमलानगर से करीब 201भक्तों का संघ गाजे बाजों की मधुर ध्वनि के साथ गणी खम्मा के जयकारों के साथ पुष्पवर्षा करते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए पैदल यात्रा कर देवचिकनहली पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने खूब अबिर गुलाल उडाई। पूजा अर्चना के बाद संघ ने घौडा रामदेव मंदिर में अर्पित किया। इस अवसर पर युवा मंडली की ओर से कमलानगर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।

## बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में सहायक कमांडेंट की दीक्षांत परेड 30 को

**ग्वालियर।** सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में सहायक कमांडेंट सीधी भर्ती बैच 47 की दीक्षांत परेड 30 सितंबर को आयोजित की गई है। दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी बीएसएफ की विज्ञप्ति में दी गई। विप्ति में कहा गया कि सहायक कमांडेंट सीधी भर्ती में 46 जांबांज अधिकारी जिसमें 42 पुरूष एवं 4 महिलाएं प्रशिक्षु हैं संविधान की शपथ ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन नव प्रशिक्षुओं को 52 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया ळै जिसमें उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाया गया है। दीक्षांत परेड के उपरांत बैंड शो, डाग शो, चेतक शो, आदि का प्रदर्शन किया जायेगा।

# मेहगांव विधानसभा में आम आदमी पार्टी की सभा में गरजें



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। आम आदमी पार्टी की विशाल परिवर्तन रैली मेहगांव विधानसभा के गोरमी में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा जी उपस्थित रहे सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी की 10 गारंटी के बारे में जिक्र किया और क्षेत्र की जनता से अपील की जिस तरीके से दिल्ली और पंजाब में हमने सुशासन की स्थापना की है भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को प्रदेशों से निकाला है उसी तरह मध्य प्रदेश में भी हम एक सुशासन की स्थापना करेंगे। जिसके लिए यहां हमें अपार जनसमूह का समर्थन मिल रहा है आज पार्टी अपने काम के दम पर और विकास के नाम पर आज 10 साल में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर चुकी है। यह सिलसिला दिल्ली पंजाब से होते हुए मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान तक पहुंचेगा। आगामी 2024 में लोकसभा के चुनाव में भी मजबूती के साथ हम उतरेंगे, आज क्षेत्र की जनता और मध्य प्रदेश की जनता बीजेपी और कांग्रेस दोनों नागनाथ और सांप-नाथ सरकारों से त्रस्त हो चुकी है। वह तीसरे विकल्प की ओर बढ़ रही है दिन प्रतिदिन हमारा समर्थन बढ़ता जा रहा है और हम 230 सीटों पर पूरी ताकत के साथ उतरने जा रहे हैं। जल्दी हम मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार स्थापित करेंगे जो सिर्फ और सिर्फ मध्य प्रदेश के भविष्य और विकास के लिए काम करेगी, इसी मौके पर पंजाब के चेयरमैन और जिले के प्रभारी श्री गुरु शरन सिंह जी कपूर ने भी कहा कि देश में भ्रष्टाचारी इस कदर बढ़ चुकी है कि बगैर पैसे के कोई काम करना मुश्किल है अगर यही हालात रहे तो भाजपा और कांग्रेस की सरकार इस देश में चलती रहे तो मुझे लगता है कि स्वच्छ हवा लेने के लिए भी पैसा देने पड़ेंगे। क्योंकि यह अभी तो जनता में और सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार फैला रहे हैं कल यह पर्यावरण में भी भ्रष्टाचार फैलाएंगे इनको रोकने के लिए स्वच्छ करने के लिए झाड़ू लगाना अति आवश्यक होता है। एक झाड़ू हमारे घर की गंदगी को सफाई करती है आम आदमी पार्टी की झाड़ू जो है वह भ्रष्टाचार रूपी जो सरकार हैं उनको साफ करने का काम करेगी। पार्टी की आयोजन में प्रदेश सचिव सत्येंद्र सिंह भदोरिया लवली ने ताकत लगाते हुए महत्वपूर्ण सभा आयोजित कराई जिसमें सैकड़ो ट्रैक्टरों के साथ हजारों की तादात में लोग उपस्थित हुए महंगाव विधानसभा से प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सतेंद्र भदोरिया पार्टी में प्रदेश सचिव हैं वह पिछले पिछले 10 सालों से क्षेत्र में जनता की सेवा में लगे हुए हैं उनके आने से महंगाव विधानसभा की राजनीतिक गर्मा गई है आम आदमी पार्टी को कहीं ना कहीं मजबूती मिली है वहां जातिगत समीकरणों को भी बड़ा झटका लगा है सबको पता है कि ओ पी एस भदोरिया उनके समाज के मंत्री हैं सत्येंद्र भदोरिया मानहड गांव के रहने वाले हैं जो मेहगांव विधानसभा का सबसे बड़ा और चुनाव में प्रभाव डालने वाला गांव है अगर उनको टिकट मिलता है तो कई दिग्गजों के टिकट कटना निश्चित है सभा में हजारों की तादाद में लोग आए जिन्होंने पार्टी के साथ संकल्प किया कि हम आम आदमी पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और इस बार परिवर्तन करेंगे।

**हरपाल सिंह चीमा –वित्त मंत्री...**

## संपादकीय

# मानसून की विदाई

यह हकीकत है कि तमाम वैज्ञानिक उन्नति व सिंचाई के साधन विकसित होने के बावजूद मानसून आज भी भारतीय उपमहाद्वीप में जीवनदायी बना हुआ है। सदियों से देश का किसान बेसब्री से मानसून की राह तकते हुए आकाश में काले बादलों की प्रतीक्षा करता रहता है। सच्चाई तो यही है कि खेती में बरकत मानसूनी बारिश से ही आती है। जहां एक ओर बिजली की बचत होती है वहीं किसान की कृषि लागत भी कम होती है। भारतीय मौसम विभाग ने बाकायदा सूचना जारी की है कि दक्षिण–पश्चिम मानसून अब लौट रहा है। राजस्थान के कुछ हिस्से से वह चला भी गया। यूं तो इसकी वापसी की सामान्य तारीख 17 सितंबर है, मगर इस बार यह आठ दिन देरी से वापस लौट रहा है। आम आदमी बारिश के मिजाज देखकर यही सोचता होगा कि इस बार जमकर बारिश हुई है, लेकिन बारिश का औसत बताता है कि इस बार सामान्य से कुछ कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अब तक 780.3 मिमी बारिश हुई है। जबकि सामान्य बारिश 832.4 मिमी मानी जाती है। बहरहाल, काले मेघों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। हिमाचल, उत्तराखंड आदि पर्वतीय राज्यों में दक्षिण–पश्चिम मानसून इस बार जमकर बरसा है। खासकर हिमाचल में बारिश का रौद्र देखने को मिला और भूस्खलन व बाढ़ में जन–धन की व्यापक क्षति हुई। इस बार मानसून तेरहवीं बार अपने निर्धारित समय से देरी से वापस लौट रहा है। वैसे तो मानसून का देर तक सक्रिय रहना खेती के लिये लाभदायक ही होता है। खासकर उत्तर–पश्चिम भारत में मानसूनी बारिश का रबी की फसल पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। दरअसल, आमतौर पर दक्षिण–पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक दे देता है। फिर सामान्यतरू आठ जुलाई तक पूरे देश को भिगोने लगता है। वहीं 17 सितंबर के नजदीक उत्तर–पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है। फिर मध्य अक्तूबर तक मानसून की लगभग पूरी विदाई हो जाती है।वैसे हम भारतीयों का सौभाग्य है कि हमें सर्दी, गर्मी व बरसात के मौसम का पर्याप्त सुख हासिल होता है। एक साल में ही देश में अलग–अलग मौसमों का अहसास किया जा सकता है। एक ओर जहां कुछ इलाकों से मानसून की विदाई हो रही है तो कुछ राज्यों में बारिश होने की बात कही जा रही है। वहीं देश में मानसून की विदाई के बीच कश्मीर में बर्फबारी होने की खबरें हैं। लद्दाख में भी बर्फबारी की खबरें हैं। हिमाचल के बारे में कहा जा रहा है कि वहां मानसून की विदाई हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में खूब धूप खिलेगी। जाहिर है तापमान में वृद्धि होगी। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में भी बदलाव आया है। पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन व तबाही का मंजर बताता है कि बारिश का ज्यादा पानी कम समय में बरस जाता है। जिसके चलते बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ी हैं। मौसम विभाग कह रहा है कि इस बार छह फीसदी पानी कम बरसा। लेकिन हिमाचल व उत्तराखंड में अतिवृष्टि वाले इलाके के लोग कैसे विश्वास करेंगे कि इस बार कम बारिश हुई है। दरअसल, बारिश आम नागरिकों से लेकर सत्ताधीशों को संदेश देने भी आती हैं। जहां बारिश स्थानीय प्रशासन की साफ–सफाई व नदी–नालों की देखरेख का इम्तिहान लेती है, वहीं निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को भी उजागर करती है। आम नागरिकों लिये बारिश का संदेश होता है कि जल निकासी सुचारू बनाये रखना हर नागरिक की भी जिम्मेदारी है। हर नागरिक का दायित्व है कि भूमि के कटाव को रोकने के लिये पेड़ काटे नहीं बल्कि खूब लगाए जाएं। नीति–नियंताओं को यह सबक कि पहाड़ों पर फोर–लेन का फार्मूला नहीं चलेगा। पहाड़ का विकास पहाड़ के मिजाज के अनुसार होना चाहिए। हिमाचल में इस बरसात में बहुमंजिला इमारतों का जमींदोज होना बता गया कि हमें भवन निर्माण में अपने पुरखों के अनुभवों से सबक लेना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश का मिजाज बदल रहा है, नीति–नियंताओं व लोगों को भी इसके लिये तैयार रहना होगा।

# रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

**एजेंसी**

*सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3. 82 करोड़ हैं– केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है।*

2018–19 से 2022–23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है। जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018–19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022–23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40. 58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3. 82 करोड़ हैं– केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती–किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है। यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों–रात लाखों कारोबार और छोटे–मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही–सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड–19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है। वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं। बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# स्वस्थ नगरिक मजबूत राष्ट्र का निर्माता, मनोबल के साथ तन और मन दोनों को सशक्त रखने की आवश्यकता

**संजीव ठाकुर**

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैस मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैस तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता हैस इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैस इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेस भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैस इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैस इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगास फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग–अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55: हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में ह्दय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज च्हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2ध्तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# महिला आरक्षण बनाम ओबीसीः भाजपा और कांग्रेस में से किसका सफल होगा दांव?

**संतोष पाठक**

महिला आरक्षण बिल की सुगबुगाहट के साथ ही कांग्रेस ने ओबीसी राग आलापना शुरू कर दिया था। लोकसभा में विपक्षी दलों की पहली स्पीकर के तौर पर बोलते हुए कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण को अपने पति और देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना बताने के साथ–साथ भारत सरकार से जाति जनगणना करा कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण देकर आगे बढ़ाने की मांग की। हालांकि कोटे के अंदर कोटे की नीति के तहत सरकार ने अपने महिला आरक्षण बिल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पहले से आरक्षित सीटों में से 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रस्ताव शामिल कर रखा है लेकिन ओबीसी समुदाय की महिलाओं को आरक्षण देने पर सरकार का तर्क बिल्कुल साफ है कि अभी संविधान में सामान्य वर्ग के साथ–साथ सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान है इसलिए इससे अलग हटकर कोई व्यवस्था फिलहाल नहीं की जा सकती है। राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में उठाए गए ओबीसी गणना और आरक्षण के मुद्दें का राज्यसभा में जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के जितने सांसद हैं, उससे ज्यादा तो लोकसभा में उनके ओबीसी सांसद हैं। नड्डा ने कहा कि भारत को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा ने दिया। भाजपा के 85 लोकसभा सांसद ओबीसी समाज से हैं। भाजपा के 27 फीसदी विधायक और 40 फीसदी एमएलसी भी ओबीसी समाज से ही आते हैं। दरअसल, सच्चाई यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल महिला मतदाताओं के साथ–साथ ओबीसी वोटरों का महत्व बखूबी समझते हैं। यह भी एक सर्वविदित तथ्य है कि आमतौर पर महिला वोटर जातियों की सीमा से परे जाकर अन्य मुद्दों पर वोट करते हैं यानी महिला वोटर ईवीएम का बटन दबाते समय पुरुष वोटरों की तरह सिर्फ जाति के बारे में ही नहीं सोचते हैं। इसलिए भाजपा ने महिला वोटरों को लेकर एक बड़ा दांव खेल दिया है। भाजपा को यह लगता है कि ओबीसी समुदाय को उन्होंने अब तक बहुत कुछ दिया है और आने वाले दिनों में भी उनके पास देने को बहुत कुछ है। भाजपा को यह भी लग रहा है कि अगर महिला आरक्षण बिल पास करवाने का दांव सही से चल गया तो देश के चुनावी इतिहास में भाजपा न केवल अपना रिकार्ड तोड़ सकती है बल्कि 1984 के राजीव गांधी के रिकार्ड को भी पार कर सकती है। इसलिए भाजपा आने वाले दिनों में जोर–शोर से महिला आरक्षण बिल को लेकर देश की मतदाताओं के पास जाने के लिए बड़ा अभियान चलाने जा रही है। दूसरी तरफ, नरेंद्र मोदी को 2024 में किसी भी कीमत पर हराने के लिए बेताब कांग्रेस महिला वोटरों के साथ–साथ ओबीसी वोटरों पर भी दांव खेलने का प्रयास कर रही है। हालांकि यह लड़ाई कांग्रेस से ज्यादा उसके आरजेडी और सपा जैसे सहयोगी दलों की ज्यादा लग रही है। देश के महिला वोटरों और प्रभावशाली ओबीसी तबको को छोड़ कर ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अन्य जातियों में भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव को देखते हुए कांग्रेस के रणनीतिकारों का यह लग रहा है कि इसमें सेंध लगाए बिना मोदी को हराना नामुकिन है इसलिए कांग्रेस ने एक साथ कई स्तरों पर अभियान छेड़ दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार यह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही वह तत्काल प्रभाव से महिला आरक्षण को लागू कर देंगे और साथ ही जाति जनगणना करवा कर ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण का रास्ता भी खोलेंगे। जाहिर है कि एक तरफ भाजपा है जिसे महिला आरक्षण के अपने दांव पर पूरा भरोसा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस है जो महिला वोटरों को लुभाने के साथ ही जाति जनगणना की मांग के जरिए ओबीसी वोटरों पर ज्यादा फोकस कर रही है। ऐसे में फिलहाल तो भाजपा और कांग्रेस की यह चुनावी जंग महिला आरक्षण बनाम ओबीसी के दांव में ही बदलती हुई ज्यादा नजर आ




# बगावतः तो रसाल का फैसला बिगाड़ेगा तीन सीटों के समीकरण

**लहार गोहद मेहगांव**
**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर-चम्बल। अंचल की सियासत में भिण्ड जिले की लहार विधान सभा सीट भारतीय जनता पार्टी की नाक का सवाल बन गई है। यही वजह है कि इस सीट पर चुनावी वैतरणी पार लगाने के लिए भाजपा ने जो चेहरा मैदान में उतारा है, उसे लेकर बगावत के सुर उठने लगे हैं। पहले जिला पंचायत भिण्ड के उपाध्यक्ष नन्दराम बघेल के बागी तेवर और अब भिण्ड जिले की सियासत में पितामाह के नाम से विख्यात जिले की रौन विधान सभा सीट से चार बार विधायक और भिण्ड नगर पालिका के अध्यक्ष रहे रसाल सिंह द्वारा अपने नजदीकी भाजपा कार्यकर्ताओं का 1 अक्टूबर को भोज पर आमंत्रण दिए जाने के ऐलान मात्र ने ग्वालियर-चम्बल से लेकर भोपाल और दिल्ली तक की सियासत में हड़कम्प मचा दिया है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि रसाल सिंह भाजपा से बगावत कर पूर्व के चुनावों की तरह इतिहास दोहराएंगे या कोई अप्रत्याशित फैसला लेकर सबकों चौंकाएंगे। भी यह तय नहीं है कि रसाल सिंह भाजपा से बगावत कर पूर्व के चुनावों की तरह इतिहास दोहराएंगे या कोई अप्रत्याशित फैसला लेकर सबकों चौंकाएंगे। फिलवक्त लहार के अलावा जिले की मेंहगांव और गोहद विधान सभा सीटों के चुनावी समीकरण रसाल सिंह के संभावित फैसला पर बनेंगे-बिगड़ेंगे।

अब सवाल यह खड़ा होता है कि ऐसा क्या है लहार विधान सभा सीट का सियासी मिजाज कि भाजपा गुजरे 33 साल से इस सीट पर अपनी जीत दर्ज नहीं कर सकी। तो इसके लिए इतिहास के पन्नों को पलटना पड़ेगा। कांग्रेस के कद्दावर नेता और मध्य प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष डाक्टर गोविन्द सिंह ने इस सीट से लगातार सात बार चुनाव जीता है। अलबत्ता इन 33 सालों में भाजपा ने लहार विधान सभा सीट पर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर वह पैंतरा आजमाने का प्रयास किया है, जिससे वह डाक्टर गोविन्द सिंह का पटखनी दे सके। लेकिन भाजपा दो अवसर यानि साल





2013 और 2018 को छोड़कर हर चुनाव-दर-चुनाव भाजपा डाक्टर गोविन्द सिंह को हराना तो दूर उनकी राह में कोई ऐसी परेशानी खड़ी नहीं कर सकी, जिससे चुनावी समीकरण डाक्टर गोविन्द सिंह के विपरीत रहे हों। खास दिलचस्प बात तो यह है कि साल 2013 और साल 2018 में जब ऐसा लगा कि भाजपा अपना विधायक जिताकर विधान सभा में भेजने में सफल हो जाएगी, तब भी भाजपा की जीत का रोड़ा भी भाजपा के ही बागी नेता बने। लहार सीट पर भाजपा ने अपनी दूसरी सूची में अमरीश शर्मा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। हालांकि यह भाजपा की मजबूरी रही कि उसे जिले की एक विधान सभा सीट से जातीय संतुलन की दृष्टि से किसी ब्राम्हण चेहरे को चुनावी रण में उतारना था, लेकिन भाजपा के इसी फैसले ने उसके लिए दुविधा खड़ी कर दी है। दुविधा यह कि जातीय संतुलन बिठाने की जुगत भिड़ाने के चक्कर में भाजपा ने लहार के साथ-साथ मेंहगांव और गोहद में भाजपा के उम्मीदवारों के लिए भी बड़ा संकट खड़ा कर दिया। इसकी वजह लहार में उम्मीदवार का ऐलान करने से पहले भाजपा नेतृत्व द्वारा यहां के स्थानीय क्षत्रपों के साथ सामंजस्य न बिठाना। जिले की सियासत में सक्रिय सभी सियासी बाजीगर इस बात को भलीभांति जानते हैं कि लहार विधान सभा सीट को लेकर भाजपा संगठन द्वारा लिया गया फैसला जिले की तीन अन्य विधान सभा सीटों पर भी भाजपा उम्मीदवारों को प्रभावित करेगा। इसकी वजह गुजरे सालों में हुआ परिसीमन है, जिसके तहत जिले की एक विधान सभा सीट रौन को समाप्त कर इसका क्षेत्र तीन विधान सभा सीटों में मिला दिया गया। मसलन अमायन क्षेत्र मेंहगांव विधान सभा सीट में मौ क्षेत्र गोहद विधान सभा सीट में और शेष बचा क्षेत्र लहार विधान सभा सीट में शामिल किया गया। रौन सीट से चार बार विधायक रहे रसाल सिंह से बात कर विश्वास में लिए बिना भाजपा ने लहार में उम्मीदवार का फैसला करके इन तीन विधान सभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। यह मुसीबत आने वाले दिनों में लहार के साथ-साथ गोहद और मेंहगांव में भी भाजपा उम्मीदवारों को परेशान करेगी। वह भी तब जब 1 अक्टूबर को रसाल सिंह द्वारा बुलाए गए भोज से कोई बड़ा सियासी फेसला निकलकर सामने आएगा। हालांकि सियासी समीकरणों और निजी प्रभाव की बात करें, तो पूर्व विधायक रसाल सिंह ने अपनी सियासत के 40 साल भिण्ड शहर में रहकर गुजारे और यहीं से समूचे जिले की सियासत को दिशा दी।



## एक शाम माजीसा के नाम विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। केजीएफ मै भव्य रानी भटियानी का जागरण सम्पन्न परम भक्त सुरेश कुमार प्रजापति की ओर से माताजी का जागरण रखा गया। ड़गायक कलाकार जितुड़ बनजारा द्वारा भजनों कि जोरदार प्रस्तुति दी। गायक कलाकार प्रजापति आंनद राम रावरिया, अरुण कुमार, पारस मल कालवाल, हीरालाल कवाडिया, प्रजापति मदनलाल रावरिया ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कृष्ण गौ सेवा आश्रम के प्रमुख स्वामी पुखराज महाराज ने अपने प्रवचन दिए। उन्होनें बिशेष माताओं और बहनों को मोबाइल मैं समय व्यर्थ नहीं करे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन धर्म के मार्ग दर्शन पर चलने का आग्रह किया व गौसेवा ही सनातन धर्म कि रक्षा करेंगी। यह कार्यक्रम में के.जी.एफ. बिष्णु समाज के अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन, प्रजापति सुरेश कुमार घोड़ेला, हरि राम बेतेडिया, मांगीलाल कालवाल, सुरेश कुमार कवाडिया, हीरालाल कवाडिया, नाथुराम बाबरिया, बाबुलाल बाबरिया, मदनलाल मंडावरा, गोविन्द लाल बाबरिया, प्रेमाराम भडंकोलिया, कैलाश कुमार कपुरपरा ,जयराम, अमराराम थावलिया, लक्ष्मी नारायण मुलेरा, बगदा राम कवाडिया, बाबुलाल थावलिया, नोरत मल कालबाल, दिलीप कुमार सारडीवाल, नोरत मल कालवाल, जयराम भडकोलिया, पुना राम रावरिया, राकेश कुमार भड़कोलिया, अरविंद कुमार भाणा, अनिल कुमार कवाडिया, ड़पियुश मेहराणिया, लक्ष्मण कुमार कपुरपरा, कानाराम जाजपरा, किशोर कुमार कुण्डलवाल, राजु राम कवाडिया, श्याम लाल जाट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलक्ट्रेट प्रांगण में पीएमजीएसवाई योजनांतर्गत 70.42 करोड़ की लागत की 19 सड़कों का किया लोकार्पण

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन कलक्ट्रेट प्रांगण में पीएमजीएसवाई योजनांतर्गत 70.42 करोड़ की लागत की 19 सड़कों का लोकार्पण किया उप मुख्यमंत्री ने पोषण माह के अन्तर्गत पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, दो शिशुओं को कराया अन्नप्राशन्न उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पांच लाभार्थियों को वितरित की आवास की चाभी उप मुख्यमंत्री ने जनपद के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की प्रशासनिक बैठक हेल्थ एटीएम की सुविधा जनजन तक पहुंचाने हेतु प्लान तैयार कर कैम्प का आयोजन कराएं शुक्रवार को आयोजित होनी ग्राम चौपाल के माध्यम से गांव की समस्याओं का गांव में ही निस्तारण करने के दिए निर्देश पीएम आवास, मुख्यमंत्री



आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को अन्य अनुमन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देकर प्रस्तुत समस्याओं का समयांतर्गत निस्तारण कराया जाए- उप मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के मीडिया बंधुओं से रूबरू होकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की भ्रमण कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया उनके दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कर जनपद के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी इस अवसर पर सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर, एमएलसी आशीष कुमार यादव, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, डीडीओ प्रवीन कुमार राय, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 खरगोन के तत्वावधान में 18 सुत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 प्रांतीय शाखा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में आखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 शाखा खरगोन द्वारा 18 सुत्रीय मांगो को लेकर खरगोन नगर पालिका के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है धरना प्रदर्शन में उपस्थित हुए इंदौर संभाग अध्यक्ष महेश सिरसिया एवं आनंद चांवरे प्रदेश महामंत्री इंदौर संभाग प्रभारी उपस्थित होकर नगर पालिका खरगोन के स्वच्छता अधिकारी प्रकाश चित्ते को ज्ञापन सौंपा गया और 18 सुत्रीय मांगो को लेकर चर्चा हुई प्रकाश चित्ते द्वारा बताया गया की सफाई कामगारों को हमारे स्तर से जो संयोग होगा वह हम करेंगे बाकी शासन प्रशासन स्तर से जो होगा उसमें भी हम पुरा संयोग करेंगे शासन को आप की समस्यायों से अवगत कराया जायेगा उपस्थित प्रदेश संयुक्त मंत्री करीम खान खरगोन शहर अध्यक्ष रफीक खान संभाग संगठन मंत्री हाजी जलील एवं समस्त सफाई कामगारों मजदूर एकत्रित होकर ज्ञापन दिया गया सफाई कामगारों

## पूर्व मंडी अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। नगर बिलौआ में डबरा मंडी के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गौतम पधारे इस मौके पर समस्त कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया इस मौके पर सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे बिलौआ चौराहे पर गौतम जी का स्वागत किया गया इसके उपरांत अति प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर पर समस्त कार्यकर्ताओ के साथ गौतम जी ने सहभोज किया एवं कार्यकर्ताओ से संवाद किया।

## राष्ट्र में भाईचारा और एकता बनी रहे इसके लिए सद्भावना की जरूरत है

**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से पत्रकार मुन्ना खान की खबर**



**खरगोन।** मानवाधिकार सुरक्षा संघ के मध्यभारत अध्यक्ष श्रीमान सतीश गांगले जी का जन्मदिन जिला खरगोन के द्वारा धूमधाम से मनाया गया,सर्वप्रथम डॉ.अंबेडकर पार्क स्तिथ बाबा साहेब आंबेडकरजी की मूर्ति को माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात केक काट कर सभी साथियों ने उन्हें केक खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की, गांगलेजी ने अपने संदेश में कहा कि इंसान को मानवता के रास्ते पर चल कर राष्ट के उत्थान में संविधान का पालन करना चाहिए जिससे देश में भाईचारा और एकता रहे तथा देश की अखंडता संप्रभुता की रक्षा हर भारतीय की जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि ये उसका असली धर्म है मजहब है यह समझ कर उसका पालन करना चाहिए। साथ में जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,जिलामहासचीव धर्मेन्द्र वर्मा, एलभगवानपुरा अध्यक्ष अमरसिंह जाधव, मुन्ना खान,नीरज मेहता,अवधेश चांदके आदि सभी साथियों ने भी शुभकामनाएं दी।

## स्पोर्ट टॉर्च रैली का जिला भिण्ड में आगमन हुआ

### कलेक्टर ने खेलो एमपी यूथ गेम्स टॉर्च की जिले में अगवानी की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के परिपालन में खेलो इंडिया की तर्ज पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 का आयोजन चार चरणों में दिनांक 15 सितम्बर से 5 अक्टूबर 2023 तक 24 खेलों में किया जा रहा है। जिसके तहत् आज स्पोर्ट टॉर्च रैली का जिला भिण्ड में आगमन हुआ, टॉर्च के भिण्ड आगमन पर कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि ने इंदिरा गांधी चौराह भिण्ड पर अगवानी करते हुए टॉर्च का स्वागत किया। टॉर्च को शहर में भ्रमण हेतु खेल विभाग के रामबाबू कुशवाह को सौंपी गई। उसके पश्चात टॉर्च को जिले के खिलाड़ियों के साथ रैली के रूप में लश्कर रोड़ होते हुए ग्वालियर के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिले के खिलाड़ी, खेल संघ संस्थाओं के पदाधिकारी एवं अनिल श्रीवास, देव भदौरिया, शिवानी सेंगर, निधि पाठक, आदर्श पलिया इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## चाचोड़ी गांव में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया, नम आंखों से ब्रह्मपुत्र सेना ने दी बप्पा को विदाई

### जालीवास टाइगर फोर्स ने दिया एकता का संदेश

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**






रानी पाली। चाचोड़ी में गणेश उत्सव 2023 . गढ़ के राजा को जालीवास के मुख्य चौराहे पर स्थापित भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाकर विशेष पूजा अर्चना कर बप्पा को घर वापसी में ऐतिहासिक स्वागत कर गणेश उत्सव 2023 कार्यक्रम का किया शुभारंभ। ब्रह्मपुत्र सेवा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में गढ़ के राजा स्वागत कार्यक्रम। सुंदर कांड पाठ । प्रतिदिन सुबह-शाम महा आरती। महाप्रसादी। भजन कीर्तन। सांस्कृतिक कार्यक्रम । वरगोडा कार्यक्रम। एवम विदाई समारोह का आयोजन रखकर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का किया गया समापन। सोहन सिंह भोपाजी ने बताया कि विसर्जन कार्यक्रम वरगोडा गढ़ के राजा गणेश पंडाल परिसर में प्रतिमा के सामने ब्रह्मपुत्र सेना द्वारा। शीश नमन कर भामाशाह एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए गणपति बप्पा मोरिया एवं भगवान श्री राम के जयकारो के साथ जाली वास के मुख्य चौराहे से गांधी चौक स्कूल रोड अस्पताल रोड। ग्राम पंचायत रोड। रानी पाली रोड़ से होकर वरघोड़ा महादेव तालाब तक पहुंच कर सैकड़ो की संख्या में गणेश भक्तों के मौजूदगी में बप्पा बप्पा को नम आंखों से दी गई विदाई। नारायण सिंह ने कहा कि जालीवास टाइगर फोर्स के लगभग 200 सदस्य प्रवासी राज्यों से गांव पहुंचकर गणेश उत्सव का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में एकता का संदेश आम जन में जागरूक करने को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर ब्रह्मपुत्र सेना ने एकता का दिया संदेश। समाजसेवी कालू सिंह राजपुरोहित ने कहा कि गढ़ के राजा के नाम विशाल ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम के शुभारंभ से समापन तक राजपुरोहित जालीवास नवयुवक मंडल एवं गणेश भक्तों का महा आरती महा प्रसादी और विशाल भजन संध्या कार्यक्रम में सराहनीय योगदान से ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में सफलता हासिल की। और प्रशासन के निर्देशानुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणेश प्रतिमा को महादेव सरोवर में विसर्जन किया।

## लिएंडर पेस अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित, पहले एशियाई बने

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज खिलाड़ी और कई ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के विजेता लिएंडर पेस अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित होने वाले एशिया के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। 50 वर्षीय पेस उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 2024 के लिए नामांकित किया गया है। खिलाड़ी श्रेणी में उनके अलावा कारा ब्लैक, एना इवानोविच, कार्लोस मोया, डैनियल नेस्टर और फ्लाविया पेनेटा को नामित किया गया है। महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाली चीन की खिलाड़ी ली ना 2019 में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित होने वाली एशिया की पहली खिलाड़ी बनी थी। पेस ने कहा कि यह मेरे लिए काफी मायने रखता है कि मैं खिलाड़ियों की श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम के लिए नामित होने वाला एशिया का पहला खिलाड़ी हूं।




## भारतीय तैराकों का एशियाई खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी

**हांगझोउ।** भारत के तैराकों का एशियाई खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और बुधवार को कोई भी भारतीय तैराक अपनी स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। ओलंपियन माना पटेल महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में तीसरी हीट में एक मिनट 3.55 सेकेंड के साथ पांचवें और कुल 13वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। नीना वेंकटेश भी महिला 100 मीटर बटरफ्लाई में अपनी हीट में चौथे और कुल 14वें स्थान पर रहते हुए स्पर्धा से बाहर हो गईं। शीर्ष आठ तैराक फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। श्रीहरि नटराज पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट में एक मिनट 49.05 सेकेंड के साथ कुल 10वें स्थान पर रहे और उन्हें फाइनल के लिए दूसरा रिजर्व खिलाड़ी रखा गया है। लिनेशा भी महिला 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में पदक दौर में जगह बनाने में विफल रहीं। वह अपनी हीट में एक मिनट 15.60 सेकेंड के साथ छठे स्थान पर रहीं।



## युजी चहल ने पत्नी धनश्री वर्मा के बर्थडे पर शेयर किए दिल की अरमान, वीडियो

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर युजी चहल ने अपनी पत्नी धनश्री वर्मा चहल को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। युजी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें उन्होंने पत्नी धनश्री के लिए अपने जज्बात शेयर किए हैं। बता दें कि युजी चहल और धनश्री ने साल 2020 में शादी की थी। लॉकडाऊन के दौरान युजी धनश्री से ऑनलाइन क्लासेज लेकर डांस सीखते थे। इसके बाद दोनों ने मिलना शुरू किया और जल्द ही दोनों की मुलाकतों प्यार में बदल गई।



बहरहाल, युजी ने पोस्ट के साथ लिखा- काश मैं इस विशेष दिन का जश्न मनाने के लिए आपके साथ वहां रह पाता, लेकिन जब तक हम फिर से एक नहीं हो जाते, मैं चाहता हूं कि आप यह जान लें कि मैं आपसे इतना प्यार करता हूं जितना शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। आपके प्यार ने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है, और मैं उस हर पल के लिए आभारी हूं जो हमने व्यक्तिगत रूप से और वस्तुतः एक साथ बिताया है। जन्मदिन मुबारक हो छोटू। लव यू।

# एशियाई खेल : 25 मीटर महिला पिस्टल टीम इवेंट में भारत ने जीता स्वर्ण पदक

**हांगझू।** एशियाई खेलों में बुधवार की सुबह भारतीय निशानेबाजों ने देशवासियों को दोहरी खुशी दी। पहले जहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में क्वालिफिकेशन में सिफ्ट कौर समरा, आशी चौकसे, मानिनी कौशिक की भारतीय टीम ने कुल 1766 अंकों के साथ रजत पदक जीता, वहीं 25 मीटर महिला पिस्टल टीम इवेंट में ईशा सिंह, रिदम सांगवान और मनु भाकर की तीकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।मनु क्वालिफिकेशन में सबसे आगे रहीं, वह व्यक्तिगत स्पर्धा में स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहीं और ईशा के साथ व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मनु ने कुल 590 अंक हासिल किये, जबकि ईशा सिंह ने 586 और सांगवान ने 583 अंक हासिल किये। भारतीय तिकड़ी ने कुल 1759 अंकों के साथ स्वर्ण पर कब्जा किया, जबकि चीन 1756 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, वहीं कोरिया 1742 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया।




# नेपाल ने मंगोलिया को 273 रन से हराया, दीपेंद्र सिंह ने 10 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

**हांगझू।** नेपाल ने बुधवार को कुशल मल्ला के शतक, रोहित पांडेल तथा दीपेंद्र सिंह ऐरी की धुंआधार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद करण केसी और अन्य की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत मंगोलिया को 41 रन पर ढ़ेर कर रिकाड '273 रन से मुकाबला जीत लिया। 19वें एशियाई खेलों के पुरूष क्रिकेट मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की शुरुआत बेहतर नहीं रही और उसके दोनों ओपनर कुशल भुर्तेल (19) रन को जमयनसुरेन ने अल्तानखुयाग के हाथों कैच करा पवेलियन भेज दिया। वही आसिफ शेख को 16 रन पर एर्देनेबुल्गान ने ओल्गोनबयार के हाथों कैच आउट कर दिया। एक समय नेपाल ने 66 रन पर दो विकेट खो दिए थे। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए कुशल मल्ला ने 50 गेंदो में नाबाद 137 रन, तथा रोहित पॉडेल ने 27 गेंदों में 61 रन दीपेंद्र सिंह ऐरी ने केवल नौ गेंदों में टी20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाया। वह 52 रन बनाकर नाबाद रहे उन्होंने अपनी 10 गेंदों की पारी में आठ छक्के लगाए। नेपाल टीम के स्कोर को 20 ओवर में तीन विकेट पर 314 रन पहुंचा दिया। इसी के साथ मौजूदा एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में नेपाली टीम 300 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम भी बन गई।

इसके अलावा कुशल मल्ला, जिन्होंने केवल 34 गेंदों में नाबाद शतक बनाया, टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले नेपाल के पहले क्रिकेटर बन गए। मंगोलिया के लुवसांजुंडई एर्देनेबुल्गान, डवासुरेन जमयनसुरेन और मुनगुन अल्तानखुयाग को एक-एक विकेट मिला। 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंगोलिया की टीम 13.1 ओवर में केवल 41 रनों पर सिमट गई और नेपाल ने 273 रनों की बड़ी जीत हासिल की। मंगोलिया की ओर से केवल डवासुरेन जमयनसुरेन (10) रन एंख-एरदेने ओल्गोनबयार (3) रन, तुमुरसुख तुरमुंख (2)रन तथा तीन अन्य खिलाड़ियों ने एक-एक रन का योगदान किया। मंगोलियाई टीम को 23 रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। नेपाल की ओर से करण के सी, अबिनाश बोहरा और संदीप लामिछाने ने दो-दो विकेट तथा सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कुशल भुर्तेल को एक-एक विकेट मिला।

# एशियाई खेलः श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, पदक से चूके

**हांगझू।** 22 वर्षीय भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने बुधवार को चल रहे एशियाई खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, हालांकि इसके बावजूद वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।

नटराज ने पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट में 1:49.05 का समय लिया और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर रहे, जिसके लिए वह फाइनल इवेंट में अपनी जगह बनाने में असफल रहे और रिजर्व के रूप में रहे। लेकिन नटराज ने अपनी हीट टाइमिंग के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना लिया।नटराज के साथ, तनिष जॉर्ज मैथ्यू और लिनिशा भी एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में 200 मीटर फ्रीस्टाइल फ़ाइनल और महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक फ़ाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं।

इस बीच, महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 23 वर्षीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक माना पटेल एशियाई खेलों की हीट में हार गईं।माना ने 1:03.55 का समय निकाला, जो अपने लीडर से 2.68 सेकंड पीछे था। हीट में वह 13वें स्थान पर रहीं। युवा भारतीय तैराक माना महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भी पदक में अपनी जगह बनाने में असफल रही। हालाँकि, वह इन खेलों में अपनी अंतिम पदक जीत की उम्मीद के लिए महिलाओं की 4×100 मीटर मेडले रिले में भाग लेंगी। दूसरी ओर, नीना वेंकटेश भी महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई के फाइनल में क्वालीफाई करने में असफल रहीं। नीना ने हीट में 1ः03.89 का समय निकाला और कुल मिलाकर 14वें स्थान पर रहीं और केवल शीर्ष आठ तैराक ही फाइनल में पहुंचे।वेंकटेश शुक्रवार को आगामी महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और महिलाओं की 4×100 मीटर मेडले रिले में हिस्सा लेंगी। इससे पहले श्रीहरि नटराज, लिकिथ सेल्वराज, साजन प्रकाश और तनिष मैथ्यू की भारतीय टीम एशियाई खेलों में पुरुषों की 4×100 मीटर मेडले रिले में पोडियम फिनिश से चूक गई थी।भारतीय टीम 3:40:20 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल करने में सफल रही। हालांकि भारतीय टीम ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड जरूर बनाया। प्रतियोगिता में चीन ने एक बार फिर अपना दबदबा बनाया और 3:27:01 का समय निकालकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।



# विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी इल्का 7 स्पर्धा में जीता कांस्य

**हांगझू।** भारत के विष्णु सरवनन ने बुधवार को एशियाई खेलों 2023 में पुरुषों की डिंगी इल्का 7 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों में यह भारत का 20वां पदक है। एशियाई खेल नौकायन, पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 स्पर्धा में भारत के विष्णु सरवनन ने कांस्य पदक जीता, और पिछली 11 रेसों के कुल योग के बाद स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रहे। विष्णु ने प्रतियोगिता को 34 अंकों के स्कोर के साथ समाप्त किया, जिसमें 11 रेसों में तीन जीत शामिल हैं। भारतीय नाविक को कोरिया गणराज्य के जीमिन हा से कड़ी टक्कर मिली, जिन्होंने रजत पदक जीता और उनके 42 नेट अंक और 33 अंक थे। सिंगापुर के रयान लो ने 32 अंक और 26 नेट अंक के साथ इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विष्णु के कांस्य के साथ, भारत का एशियाई खेलों में तीसरा नौकायन पदक है। , 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी इल्का 4 स्पर्धा में 24:48 के कुल समय के साथ रजत पदक जीतकर नौकायन स्पर्धा में भारत का पहला पदक जीता। 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 11 दौड़ के बाद कुल 27 अंक हासिल किए और नौकायन स्पर्धा में पहला पदक हासिल किया। इबाद अली ने सर्फिंग आरएसःएक्स में 57 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतकर दूसरा पदक पक्का किया। वह छठी और 14वीं रेस में दूसरे स्थान पर रहे, जो एशियाई खेलों में इस वर्ग में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। बुधवार को, अब तक, भारत ने छह पदक जीते, जिनमें दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। कुल मिलाकर, भारत ने अब तक 20 पदक जीते हैं, जिसमें 5 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।



# एशियाई खेलः अंगद-गुरजोत-आनंद ने पुरुषों की स्कीट शूटिंग में जीता कांस्य

**हांगझू।** चल रहे एशियाई खेलों की शूटिंग स्पर्धा में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह और आनंद जीत सिंह की तिकड़ी ने बुधवार को 355 के स्कोर के साथ पुरुषों की शॉटगन स्कीट टीम में कांस्य पदक जीता। 355 अंकों के साथ भारत ने कांस्य पदक हासिल किया. स्वर्ण पदक 362 अंकों के साथ चीन को मिला और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।निशानेबाजी में यह भारत का दसवां पदक है।

इससे पहले, भारत की सिफ्त कौर समरा ने बुधवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी व्यक्तिगत फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि आशी चौकसे ने कांस्य पदक जीता, जिससे देश को डबल पोडियम फिनिश मिली।

469.6 अंकों के स्कोर के साथ, सिफ्ट ने न केवल स्वर्ण पदक हासिल किया, बल्कि विश्व रिकॉर्ड, एशियाई रिकॉर्ड और एशियाई खेलों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। विश्व रिकॉर्ड ग्रेट ब्रिटेन के पास था, एशियाई रिकॉर्ड चीन के पास था और एशियाई खेलों का रिकॉर्ड पहले मंगोलिया के पास था।इससे पहले आज, मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय निशानेबाजी तिकड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, आशी चौकसे, मानिनी कौशिक और सिफ्ट कौर समारा ने बुधवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी टीम शूटिंग स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक हासिल किया। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार, रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की टीम ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम में विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। इसके अलावा महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम में मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसे की तिकड़ी को रजत मिला था।




# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में पहली बार जीती वनडे सीरीज, गेंदबाजों ने दिखाया दम

**मीरपुर।** न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ ढाका के मैदान पर जोरदार वापसी करते हुए तीसरा वनडे मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने ने 34 रन देकर 4 तो बोल्ट ने 33 रन देकर 2 विकेट लिए और बांग्लादेश को 171 रन पर ही रोक दिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने विल यंग ने 80 गेंदों में 70 रन, हेनरी निकोल्स ने 86 गेंदों में 50 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों ओपनर बल्लेबाज तंज़िद हसन (5) रन और जाकिर हसन को एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। तंजिद हसन को बोल्ट ने एलन के हाथों कैच करवा। वही जाकिर हसन को मिल्ने ने बोल्ड आउट किया। इस समय टीम का स्कोर दो विकेट पर आठ रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने संभल कर खेलते हुए 84 गेंदों में 76 रन बनो। उन्हें मैककोन्ची ने पगबाधा आउट किया।तौहीद हृदयोय और मुशफिकुर रहीम टीम के स्कोर में 18-18 रन का योगदान दिया। महमूदुल्लाह ने 27 गेंदों में 21 रन बना कर मिल्ने की गेंद पर ब्लंडेल को कैच थमा बैठे। मेहदी हसन 14 गेंदों पर 13 रन बनाए और उसे बोल्ड ने ब्लंडेल के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। उस समय टीम का स्कोर छह विकेट पर 156 रन था इसके बाद बल्लेबाजी करने आए नसुम अहमद, हसन महमूद, खालिद अहमद, शोरिफुल इस्लाम टीम के स्कोर में कुल 15 रनों का योगदान पवेलियन लौट गए। बंगलादेश की पूरी टीम 34.3 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन और विल यंग की बदौलत मजबूत शुरूआत की। फिन ने 26 गेंदों पर 28 तो विल यंग ने 80 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए। हेनरी निकोल्स ने 86 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 50 तो टॉक ब्लंडेल ने 16 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 23 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। बांग्लादेश की ओर से शौरीफुल इस्लाम 32 रन देकर दो विकेट लेने में सफल रहे।




# पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने की तीसरी शादी, 14 साल छोटी बीवी है बेहद खूबसूरत

**ब्राजील।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने अपनी मॉडल पार्टनर सेलिना लॉक्स से इबीसा के एक चर्च में शादी कर ली है। इस प्रेमी जोड़े ने जनवरी में कैरेबियाई धरती पर सगाई की थी। सोमवार दोपहर जब वे इबीसा के क्यूबेल्स के छोटे से गांव में एक चर्च से बाहर निकले तो उनपर साथियों ने सफेद गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की।

सेलिना ने 7 साल पहले पूर्व रियल मैड्रिड और इंटर मिलान स्ट्राइकर के साथ डेटिंग शुरू की थी। उन्होंने शादी की एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। 33 वर्षीय मॉडल ने लिखा- आज हम अपने परिवारों को एक अंतरंग धार्मिक उत्सव के लिए एक साथ लाए और इस तरह कई समारोहों के एक सप्ताह की शुरुआत हुई।

जोड़े ने शादी पर क्रीम रंग के कपड़े पहने थे। मेहमानों में रिश्तेदारों के अलावा रोनाल्डो के पूर्व रियल मैड्रिड टीम के साथी जूलियो बैप्टिस्टा भी शामिल थे। रोनाल्डो, जो अब स्पेनिश सेकेंड डिवीजन टीम रियल वलाडोलिड के अध्यक्ष हैं, ने चर्च में प्रवेश करने से पहले प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई।47 वर्षीय रोनाल्डो की यह तीसरी शादी है। उनकी पूर्व पत्नी और ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर मिलेन डोमिंगुएस से उनका पहला बच्चा, रोनाल्ड था, जो अब 23 वर्ष का है। इसके बाद रोनाल्डो ने मारिया बीट्रिज एंटनी से शादी की जिससे उनकी दो बेटियां मारिया सोफिया 14, और मारिया एलिस 12 है।





# एशियाई खेल : भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 से हराया

**हांगझू।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को अपने पूल ए मैच में सिंगापुर पर 13-0 से जीत के साथ अपने एशियाई खेल 2023 अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए संगीता कुमारी ने तीन, नवनीत कौर ने दो, दीपिका, सुशीला चानू, उदिता, नेहा, दीप ग्रेस इक्का, सलीमा टेटे, वंदना कटारिया और मोनिका ने 1-1 गोल किया।

मैच में भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार हमले किए, जिसके कारण उन्होंने दो शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर भी जीते और उदिता (6फीसदी) ने दूसरे पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहला गोल करने के कुछ क्षण बाद, भारतीय टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और उन्होंने सुशीला चानू पुखरामबम (8फीसदी) के माध्यम से इसका फायदा उठाया और गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत के लिए नियमित गोल आते रहे। दीपिका (11फीसदी) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी, जिसके बाद नवनीत कौर (14फीसदी, 14फीसदी) ने दो गोल किए - एक पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से और दूसरा मैदानी गोल। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत को 5-0 की मजबूत बढ़त मिल गई।




दूसरा क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने गेंद पर कब्ज़ा और लगातार हमलों के जरिए खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, जिसका एक बार फिर फायदा मिला जब दीप ग्रेस एक्का (17फीसदी) और नेहा (19फीसदी) ने आसानी से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। जबकि संगीता कुमारी (23फीसदी) ने शानदार फील्ड गोल किया और भारत ने मध्यांतर तक 8-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद भी भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा। सलीमा टेटे (35फीसदी) ने फील्ड गोल करके तीसरे क्वार्टर में भारत को 9-0 की बढ़त दिला दी।भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी आक्रामक रवैया अपनाया, जिसमें संगीता कुमारी (47फीसदी, 53फीसदी) ने दो और मोनिका (52फीसदी) और वंदना कटारिया (56फीसदी) ने एक-एक गोल करके भारत को 13-0 की आसान जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला मलेशिया से होगा।






# अनोखी है श्रीखंड महादेव यात्रा



आस्था से सराबोर हमारे देश में कई धर्मस्थल हैं, इनमें से ऐसे कई धर्मस्थल ऐसे भी हैं जहां धार्मिक यात्राएं की जाती हैं। इन्हीं में से एक यात्रा है, श्रीखंड महादेव यात्रा। यह यात्रा हिमाचल प्रदेश में मौजूद श्रीखंड दर्शन के लिए की जाती है। यह यात्रा वर्ष में एक बार जून-जुलाई माह में होती है। तो जानते हैं इस धार्मिक यात्रा से जुड़ी बातें

- श्रीखंड महादेव हिमाचल के ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के पास है। स्थानीय लोगों की मानें तो, इस चोटी पर भगवान शिव का वास है।
- यहां मौजूद शिवलिंग की ऊंचाई 72 फीट है। यहां तक पहुंचने के लिए सुंदर घाटियों के बीच से एक ट्रैक है।
- श्रीखंड महादेव के दर्शन के लिए 18570 फीट की ऊंचाई पर चढ़ना होता है।
- श्रीखंड यात्रा के लिए 25 किलोमीटर की सीधी चढाई श्रद्धालुओं के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होती है।
- लगभग 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड यात्रा के दौरान सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की भी कमी पडती है।




## धार्मिक यात्रा का पौराणिक महत्व

पौराणिक मत के अनुसार, एक बार एक दैत्य भस्मासुर ने शिव को तप से प्रसन्न कर वरदान मांगा था कि वह जिस पर भी अपना हाथ रखेगा तो वह भस्म होगा। दैत्य स्वभाव होने के कारण उसने माता पार्वती से शादी करने इच्छा हुई। तब भस्मापुर ने शिव के ऊपर हाथ रखकर उन्हें भस्म करने की योजना बनाई, लेकिन भगवान विष्णु ने मोहिनी रुप रख, उससे नृत्य करने की मंशा जाहिर की और इस तरह नृत्य में ही उसका हाथ उसके सिर पर रखवा दिया। जिससे भस्मासुर जलकर भस्म हो गया। कहते हैं जहां भस्मासुर का अंत हुआ था। श्रीखंड महादेव मंदिर परिसर में वो जगह वर्तमान में भी मौजूद है।

## यात्रा के लिए यहां से करते हैं शुरूआत

जून-जुलाई में शुरू होने वाली यात्रा के लिए भक्त हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर से कुल्लू जिला और फिर यहां से निरमंड से होते हुए बागीपुल पहुंचते हैं। और यहां से शुरू होती है 30 किमी की आस्था से सराबोर यात्रा।



# इस मंत्र का जप करने से नहीं आती अकाल मृत्यु

मौत जिंदगी का अंतिम सत्य है। इस सत्य से आप किनारा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि जिस व्यक्ति ने इस पृथ्वी पर जन्म लिया है। उसकी मौत निश्चित है। लेकिन ये मौत अकाल मौत न हो इसके लिए कुछ उपाय करना बेहद जरूरी है। क्योंकि ईश्वर ने आपको एक तय उम्र दी है। जिसमें आप नेक कर्म कर जन्म-जन्मांतर के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए अकाल मृत्यु से बचने के लिए आप ये उपाय जरूर आजमाएं...

- शिवपुराण के अनुसार जो महाकाल के भक्त होते हैं उनका काल भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
- अकाल मृत्यु से बचने के लिए जल में तिल और शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। महामृत्युंजय मंत्र और ऊं नमः शिवाय मंत्र का जप करना चाहिए। यह उपाय शनिवार को करने से अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है।
- शनि देव की शनिवार के दिन पूजन से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। इसलिए हर शनिवार के दिन शनिदेव की पूजा करने वाले व्यक्ति से अकाल मौत का खतरा दूर हो जाता है।
- नौ ग्रहों में सबसे क्रूर माने जाने वाले शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनिवार को उनके पूजन के अलावा उनसे संबंधित वस्तुओं का दान करना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और अकाल मृत्यु का भय नहीं सताता है।
- भगवान सदैव उन लोगों की रक्षा करते हैं जो उनकी शरण में जाते हैं। इसलिए ईश्वर पर आस्था रखकर इन मृत्यु टालने के उपाय को करने से इसका फायदा ज़रूर मिलता है।

# भोजन में शामिल करें ये चीजें
## ग्रहों के कोप से मिलेगा छुटकारा

नवग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ और रत्न आदि धारण करने का विधान है। हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित रखे तो ग्रह अतिशीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं। ज्योतिष ग्रंथ जातक पारिजात मे बताया गया है, व्यक्ति किस तरह का भोजन करता है, इसका सीधा संबंध ग्रहों से है। यथोचित और शुद्ध भोजन ग्रहण करके भी नवग्रहों को प्रसन्न किया जा सकता है। सूर्य के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए गेहू, आम और गुड़ को भोजन में शुमार करें। चन्द्र मन का कारक ग्रह है। इसे अनुकुल करने के लिए गन्ना, चीनी, आईसक्रीम, मिठाईयां, दूध और दूध से बने पदार्थ खाएं। बुद्धि के कारक बुद्ध ग्रह को शुभ करने के लिए मटर, ज्वार, मूंग, हरि सब्जियां आहार में शामिल करें। धन, पुत्र और विद्या के दाता बृहस्पति को फेवर मे करने के लिए चने और चने से संबधित चीजें, केला, हल्दी, सेंधा नमक, पीले रंग की दालें और फल खाएं। शुक्र के निर्बल या अशुभ होने पर जातक की अनैतिक कार्यों मे प्रवृत्ति होती है, समाज मे मान-सम्मान नहीं मिलता तथा अनेक सुखों का अभाव रहता है। जीवन में मनचाहा प्रेम और सौंदर्य शुक्र ग्रह की बदौलत ही प्राप्त होता है। ये भोज्य पदार्थ खाने से ये अनुकुल प्रभाव देने लगते हैं त्रिफला, दालचीनी, कमलगट्टे, सफेद शलगम, मूली, मिश्री। शनि की टेढ़ी नजर से बचने के लिए खाने में तिल, उड़द, मूंगफली का तेल, अचार, लौंग, तेज पत्ता ग्रहण करें। उड़द, तिल और सरसों राहू-केतू का अशुभ प्रभाव दूर करने में सहायक है।

# कैसा होना चाहिए मंदिर जाते समय पहनावा





जब भी किसी भी धर्मस्थल पर जाते हैं तो कपड़े ऐसे होने चाहिए जो शालीन हों और पहनने में सहज हों। क्योंकि जब मंदिर में भगवान के सामने सिर झुकाते हैं या खुदा के सामने सजदा करते हैं तो शालीन और सहज कपड़े पहने होने पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होती। और यदि आप काफी तंग कपड़े पहने होते हैं तो इस तरह की समस्या आना आम है। ऐसे में भक्त का सारा ध्यान अपने वस्त्रों पर होता है। भगवान पर नहीं। याना आस्था और मनोकामना के लिए धर्म स्थल पर आना पूरी तरह से व्यर्थ हो जाता है। पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि, राजा-महाराजा और आम आदमी धोती पहना करते थे। यह काफी सहज होती है। ऐसे में जब वो मंदिर जाते या फिर यज्ञ हवन करते तो उन्हें उठने-बैठने और चलने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। और उनका पूरा ध्यान ईश्वर की आराधना में रहता था। हालांकि यह परंपरा आज भी जारी है। इसलिए देश के भव्य मंदिरों में पूजा अर्चना करते समय पारंपरिक वस्त्रों को ही पहना जाता है। इन वस्त्रों का रंग अमूमन पीला और लाल होता है। वह इसीलिए कि पीला रंग सकारात्मकता को दर्शाता है तो लाल रंग स्वयं देवी का का रंग है। जो अपना आध्यात्मिक महत्व रखता है।

# गौ परिक्रमा से मिलते हैं ढेरों लाभ

विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार व्यक्ति के किसी भी अनिष्ट की निवृत्ति के लिए गौमाता के पूजन का विधान किया गया है। अनेक तरह के अरिष्टकारी भूचर, खेचर और जलचर आदि दुर्योग उस व्यक्ति को छू भी नहीं सकते जो नित्य गौमाता की सेवा करता है या फिर रोज गौमाता के लिए चारे या रोटी का दान करता है। तिल, जौ व गुड़ का बना लड्डू नौ गायों को खिलाने से व परिक्रमा करने से संतान प्राप्ति एवं मनोवांछित फल मिलता है। पति-पत्नी में आपसी मनमुटाव या क्लेश रहता हो तो दोनों गठजोड़े से गऊमाता की परिक्रमा करें एवं घर से रोटी बनाकर तिल के तेल से चुपड़ कर गुड़ के साथ नौ गायों को खिलाएं। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। गर्भवती महिलाएं नौ माह में प्रत्येक अमावस्या व पूर्णिमा पर परिक्रमा कर लें तो सामान्य डिलीवरी से संतान होगी। प्रतिदिन भोजन करने से पहले एक रोटी व गुड़ अपने हाथ से देसी गाय को खिलाने से एवं गाय के मुंह से लेकर पूंछ तक हाथ फेर कर अपने शरीर पर हाथ फेरने से शरीर का संतुलन बना रहता है। गाय को जौ खिलाएं और उसके गोबर में से जौ निकले, उसे धोकर खीर बना कर एक चम्मच गाय का घी डालकर गर्भवती महिलाएं अंतिम माह में खाएं। यह साधारण डिलीवरी में सहायक है। जिन बच्चों की शादी में अनावश्यक विलम्ब हो रहा हो, वे स्वयं विधिपूर्वक गाय की पूजा करके नौ रोटी व गुड़ खिलाएं जिससे मनवांछित फल प्राप्त होगा। गाय के आगे वाले पांव पर कुमकुम, अक्षत, पुष्प, जल, दूध, गुड़ से पूजन करने से घर में सुख-शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिनके बच्चे कहने पर नहीं चलते हैं, मनमानी करते हों, ऐसे बच्चों के माता-पिता गौ माता की नौ परिक्रमा करें। बच्चे को एक बूंद गौमूत्र व गंगाजल, दूध या चाय में मिलाकर पिलाएं। बालक आज्ञाकारी होगा। आज्ञाकारी एवं मनवांछित संतान प्राप्ति के लिए पति एवं पत्नी दोनों गर्भधारण करने के पश्चात बछिया को दूध पिलाती हुई गाय की परिक्रमा करें। गौ धूलि बेला के समय गौ माता की परिक्रमा करने से भी समस्याओं का अंत होता है।

# हनुमानजी को प्रसन्न करने के अचूक उपाय



एक बार शनिदेव ने हनुमान जी को अपने साथ युद्ध करने के लिए ललकारा। हनुमान जी उनसे युद्ध करना नही करना चाहते थे, तब उन्होंने शनि को अपनी पूंछ से बांधकर ब्रह्मांड के चक्कर लगवा दिए। शनिदेव का शरीर पूरी तरह से छलनी हो गया। उनके शरीर से रक्त की धार बह रही थी। वह हनुमान से खुद को छोड़ने का आग्रह करने लगे। हनुमानजी ने उन्हें एक शर्त पर छोड़ा कि वो उनके भक्तों को कभी परेशान नहीं करेंगे। शनिदेव उनकी इस बात को मान गए।

- मंगलवार के दिन लाल वस्त्र पहने हनुमान जी को लाल रंग बेहद पसंद है।
- हर मंगलवार को हनुमान जी को बनारसी पान अर्पित करें। इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान जी को खुश रखने के लिए गरीबो की मदद करें, हर किसी के साथ अच्छा व्यवहार रखें और अपने माता पिता का हमेशा सम्मान करें।
- हनुमान जी की पूजा करते वक्त हनुमान जी को सिंदूर चढाएं इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान चालीसा में वर्णित है कि, किसी अन्य देव की पूजा करने से शायद आपको फल मिलने में थोड़ा समय लग जाए लेकिन हनुमान की अराधना तुरंत फल देती है।
- मंगलवार के दिन राम मंदिर में जाएं। हनुमान जी के मस्तक का सिंदूर दाहिने हाथ के अंगूठे से लेकर सीता माता के श्री रूप के श्री चरणों में लगा दें। अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना करें।
- मंगलवार की सुबह स्नान करने के बाद बड़ के पेड़ का एक पत्ता तोड़ें और इसे साफ पानी से धो लें। अब इस पत्ते को कुछ देर हनुमानजी के सामने रखें। इसके बाद इस पर केसर से श्रीराम लिखें। अब इस पत्ते को अपने पर्स में रख लें। ऐसा माना जाता है कि इससे पर्स में पैसे बने रहते हैं।



## एक नजर...

### नगर कांग्रेस भिंड की कार्यकारिणी घोषित

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । कांग्रेस नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर प्रथम बैठक में नियुक्ति पत्रों का वितरण किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा पान सिंह सुमन रेखा भदोरिया संजीव बरुआ रूप सिंहजमोर विजय दैपुरिया प्रमोद दीक्षित विनोद जाटव कमलेश जाटव हिम्मत सिंह हरिऔध कुलदीप भारद्वाज शामिल हुए नगर कांग्रेस की 48 सदस्यीय कार्यकारिणी में 10 उपाध्यक्ष 19 महामंत्री 18 सचिव एक सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है कार्यकारिणी इस प्रकार है गंगाराम जाटव ,राम प्रकाश जाटव, अनुराग मिश्रा कमलेश सुमन ,राकेश शर्मा, एलआईसी विवेक शुक्ला,नरेश सिंह, मन्नू सिंह, रामहेत शाक्य ,संजय शर्मा उपाध्यक्ष बनाया गया है। कमलेश ओझा, उपेंद्र सिंह राजू ,राहुल शर्मा वकील, अभिषेक शर्मा, अनिल जाटव ,राजेश ओझा, इकबाल अली सुनील बघेल ,फरमान खान, श्रीमती खैरून खान  नरसिंह जाटव, वकील खान ,सुखप्रीत मिश्रा, जितेंद्र रत्नाकर श्रीमती ममता शाक्य, श्रीमती जेबुन्निसा, श्रीमती शालेह काजी राजकुमारआर्य ,आनंद त्रिपाठी को महामंत्री बनाया गया है। जितेंद्र कौशल ,पवन चौरसिया, शिवम राजपूत ,वेद प्रकाश, कमल शक्तिवीर कमल धर्मेंद्र श्रीवास, कमल कांत बरुआ यूसुफ खान, अनुज शर्मा, श्याम सिंह कुशवाह, अजय जोशी, राम कुमार जाटव, मनोज प्रजापति, उदयवीर सिंह, सुनील सिंह ,कुंदन जाटव, सत्येंद्र सिंह, परमानंद हिंडोलिया को सचिव बनाया गया है,गोविंद राजावत को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# राज्य मंत्री कुशवाह ने बेहट में किया महाविद्यालय का शुभारंभ

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि बेहट क्षेत्र के गाँवों के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा के लिये ग्वालियर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहट में ही उन्हें महाविद्यालयीन शिक्षा मिलेगी। उन्होंने गुरूवार को बेहट में शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दो सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी और संगीत सम्राट तानसेन की प्रतिमा के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश भर में ग्वालियर ग्रामीण इकलौता विधानसभा क्षेत्र हैं जहाँ के विद्यार्थियों को सरकार के खर्चे पर कम्प्यूटर की शिक्षा दिलाई गई है।



साथ ही कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए हैं, जिससे उन्हें नौकरी मिलने में सुविधा रहे। उन्होंने कहा कि बेहट के शाउमावि में अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब की स्थापना भी सरकार ने कराई है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त लोकमाता अहिल्याबाई बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल व कुँवर सिंह जाटव सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# पूर्वग्रसित भूपेश सरकार को जनता जवाब देगी: मुरलीधर सिन्हा

तुषार मिश्रा
जिला संवाददाता गरियाबंद

**गरियाबंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरलीधर सिन्हा ने सुप्रीमकोर्ट द्वारा काँग्रेस की छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के द्वारा पीएमएलए के विरूद्ध दायर याचिका खारिज किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को देश सर्वोच्च न्यायालय से एक और झटका, यह भ्रष्ट, निकम्मी, मूकबधिर भूपेश सरकार केन्द्रीय एजेन्सी से इतना डरती है कि पहले सीबीआई पर उँगुली उठाई थी, राज्य सरकार के बिना अनुमति से कार्यवाही नहीं कर सकते करके आदेश पारित किये थे, वैसे से आये दिन भ्रष्टाचार में डूबी सरकार व उनके नुमाईंदे पर स्वतंत्र एजेंसी परिवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यवाही होने लगी तो बौखलाहट में सुप्रीमकोर्ट में पीएमएलए लगाने लगे किन्तु वहाँ भी लगा झटका अन्ततः प्रकरण खारिज हो गया और राज्य सरकार को प्रकरण वापस लेना पड़ा । यह छत्तीसगढ़ राज्य की श्री भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पूर्वग्रसित एवं बदले की भावना से ईर्ष्यालु सरकार साबित हुई है । भाजपा वरिष्ठ नेता श्री सिन्हा ने कहा कि केन्द्र सरकार से अरबों, खरबों की धनराशि मिलने के बाद भी राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की दिल नहीं जीत पाई और 16 लाख प्रधानमंत्री आवास को वापस करने वाले मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी केन्द्र सरकार को प्रधानमंत्री आवास माँगने पत्र लिखने लगा, प्रधानमंत्री आवास लौटाने वाला किस मुँह से बोलता है, प्रदेश की गरीब जनता सब समझती है। गरीब का पक्का आवास मकान बने करके मुख्यमंत्री श्रीमान भूपेश बघेल जी को फूटी आँख नहीं सुहा रही है। विदित हो कि आठ लाख प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण होने और राज्यांश राशि नहीं देने के कारण वर्तमान उप मुख्यमंत्री मंत्री टी.एस. सिंहदेव जी को पंचायत विभाग के मंत्री से स्तीफा दिया था। यह सब कांग्रेस नेतृत्व छत्तीसग? राज्य सरकार के कारगुजारियों को जनता देख रही है, जिसका जवाब आसन्न विधानसभा चुनाव में जनता देगी।



# क्वालिटी से समझौता नहीं किया जायेगा: आर्य

दैनिक पुष्पाजली टुडे



गोहद नगर के वार्ड नंबर 9 में बरसों से चली आ रही पेयजल समस्या को खत्म करने के लिए 3 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी का भूमि पूजन अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य द्वारा बड़ा बाजार में किया गया यहां वार्ड नंबर 9, 10, 11 के 6 सैकड़ा से अधिक घरों में  पीने का शुद्ध पानी पहुंचेगा! भूमि पूजन के दौरान मंच से लाल सिंह आर्य ने कहा कि 10 वर्ष पहले मैंने कहा था कि नगर के घरों में तीन मंजिल तक पानी पहुंचाऊंगा पर पता नहीं गोहद को किसकी नजर लग गई और बीच में 5 वर्ष की दूरी हो गई इस कारण जलावर्धन योजना खटाई में पड़ गई लेकिन मैं लग रहा आज 118 करोड़ की जलावर्धन योजना मुर्त रूप ले चुकी है नगर में जगह-जगह काम चालू है टंकियां बन रही है पाइपलाइन बिछ रहीं है और आज यहां सातवीं टंकी का भूमि पूजन करते हुए जलावर्धन योजना के अधिकारियों से कहा कि क्वालिटी में समझौता नहीं किया जाएगा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए कार्यक्रम का संचालन आशीष शर्मा ने किया आभार वार्ड नंबर 10 की पार्षद मीना बेगम ने किया भूमि पूजन के दौरान मंच पर मनीष पुल्ली दीक्षित एडवोकेट रम्मू भार्गव, रामस्वरूप पहलवान, सुरेशबौहरे, ग्याराम, रामस्वरूप राठौर, रामदत्त शर्मा, राजा परिहार, प्रताप श्रीनिवास, संतोष राठौर, चेतन रामेश्वर गुर्जर, अवदेश, प्रदीप स्वामी, माधव भटेले, जल आवर्धन योजना के अधिकारी शिवम दिक्षित राहुल शर्मा स्नेहा शर्मा मौजूद थी।








स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478